


# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट

बुधवार 02 अक्टूबर 2024

आश्विन कृष्ण 15 विक्रम सम्वत 2081

वर्ष 15, अंक 12

पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### गोविंदा के पैर में गोली लगी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा (60) पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। उन्हें खुद की पिस्टल से गोली लगी। वो पिस्टल अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। ऑपरेशन कर उनके पैर से गोली निकाल ली गई है। एक्टर फिलहाल खतरे से बाहर हैं। जिस समय घटना हुई उस समय गोविंदा घर में अकेले थे। उनके पास एक लाइसेंसी रिवॉल्वर है। रिवॉल्वर से गलती से गोली चली, जो उनके पैर पर लगी। इस मामले से जुड़ी कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं है।

### असली एनसीपी किसकी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

नई दिल्ली। अजीत पवार गुट और शरद पवार गुट के बीच असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को लेकर चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार सुनवाई नहीं हुई। हालांकि अगली सुनवाई कब होगी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। 25 सितंबर को हुई सुनवाई में शरद पवार एनसीपी गुट के वकील ने अपील की थी कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले इस मामले का निपटारा करें। इसके बाद जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्जवल भुइयां की बेंच ने मामले की सुनवाई 1 अक्टूबर के लिए तय की थी।

### अभिनेत्री रवीना टंडन के खिलाफ कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के खिलाफ कोर्ट ने जांच के आदेश दिए हैं। ये आदेश मुंबई की बोरीवली मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दिए हैं। दरअसल रवीना पर सोशल मीडिया पर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। कोर्ट ने ये आदेश इस संबंध में दायर एक याचिका पर संज्ञान लेते हुए दिए हैं। बताया गया है कि अभिनेत्री रवीना टंडन के खिलाफ मोहसिन शेख ने याचिका दायर की थी। इस साल जून महीने में रवीना का एक वीडियो सामने आया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि उसने नशे की हालत में दो महिलाओं पर कार चढ़ाने की कोशिश की और उनके साथ मारपीट की। हालांकि इस मामले में रवीना टंडन को कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई है। बताया गया कि जब रवीना टंडन की कार रिवर्स हो रही थी तो अचानक चार लोग कार के सामने आ गए। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। इस मामले में रवीना टंडन ने इस वीडियो को ट्विटर पर शेयर करने वाले मोहसिन शेख को मानहानि का नोटिस भेजा था। रवीना का दावा था कि इस वीडियो से उनकी छवि खराब हुई है। इस मामले में मोहसिन शेख ने रवीना के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### पेट दर्द के चलते सुपरस्टार रजनीकांत अस्पताल में भर्ती

चेन्नई। पेट दर्द के चलते दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत को सोमवार देर रात चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जानकारी दी कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और वह डॉक्टर्स की निगरानी में हैं। बताया जा रहा है कि सुपरस्टार का मंगलवार को एक पूर्व निर्धारित उपचार ('इलेक्टिव प्रोसीजर') होना है। हालांकि, उनके परिवार या अस्पताल प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन प्रशंसकों के बीच चिंता का माहौल है। सोशल मीडिया पर उनके लाखों फैंस उनकी अच्छी सेहत और जल्द स्वस्थ होने के लिए दुआएं कर रहे हैं।

---

### हरियाणा में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले

# कांग्रेस को ठगी की लत लगी

**पलवल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के पलवल में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस यहां एमएसपी को लेकर बड़ी बातें कर रही है, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ तीन चार फसलों पर एमएसपी देती थी। जबकि बीजेपी की सरकार 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रही है। 1 लाख करोड़ से अधिक रुपए किसानों के खातों में पहुंचे हैं। आज मैं हरियाणा की माताओं, बहनों, बेटियों में भाजपा के प्रति सबसे अधिक उत्साह देख रहा हूं। हरियाणा की बेटियां आज चारों तरफ झंडे गाड़ रही हैं। भाजपा सरकार की हर योजना माताओं, बहनों में नया आत्मविश्वास पैदा कर रही है।**



#### कांग्रेस की नीयत में ही खोट

मोदी ने कहा कि आप याद रखिए, वहां इनमें से एक भी वादा लागू नहीं किया। यानी कांग्रेस की नीयत में ही खोट है। कांग्रेस हरियाणा के नौजवानों के हितों के खिलाफ है। यहां बीजेपी ने करीब डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां दी और वह भी बिना पर्ची और खर्ची के दी हैं। हजारों कर्मचारियों को पक्का किया है। कांग्रेस वाले फिर वही पर्ची खर्ची सिस्टम हरियाणा में वापस लाना चाहते हैं। आप पर थोपना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लूट खसूट का बंटवारा अभी से ही शुरू हो गया है। इनकी नस नस में भ्रष्टाचार भरा हुआ है। ये दलालों और दामादों की पार्टी बन चुकी है। कांग्रेस के समय में या तो दामाद मालामाल हुआ या तो दलाल मालामाल हुए हैं। किसान को यहां दो रुपए का मुआवजा मिला है। जब हुड्डा की सरकार थी तब किसानों के घर में दो रुपए मुआवजा का चेक पहुंचा था। जबकि भाजपा सरकार हजारों रुपए की सम्मान निधि उनके बैंक खातों में पहुंचाती है।

#### ठगी की लत के कारण झूठे वादे बेच रहे

उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी हमारे फौजी परिवारों को दस हजार करोड़ से ज्यादा मिले हैं। मोदी के लिए फौज की प्राथमिकता सबसे बड़ी है। फौज का सम्मान सबसे बड़ा है। कांग्रेस से हम इसकी कोई उम्मीद नहीं कर सकते। कांग्रेस की कथनी और करनी में हमेशा फर्क रहा है। पड़ोस में हिमाचल प्रदेश है। वहां हिमाचल की बहनों और युवाओं को धोखा दिया है। हिमाचल कभी कांग्रेस को माफ नहीं करेगा। कांग्रेस ने वहां चुनाव जीतने के लिए कहा था हर महीने बहुत सारे पैसे देंगे। आज दो साल हो चुके हैं उन्हें कुछ नहीं मिला। पहली कैबिनेट में लाखों नौकरियों में मुहर लगाने का वादा किया था। वहां कर्मचारियों को सपने दिखाए, आज उनको सैलरी समय पर नहीं मिल रही है। कांग्रेस के लोगों को हिमाचल से माफी मांगनी चाहिए, लेकिन इन्हें ठगी की लत लगी है। अब हरियाणा के लोगों को भी ठगी की लत के कारण झूठे वादे बेच रहे हैं।

#### फौजियों के साथ तक धोखा किया

पीएम ने कहा कि कांग्रेस के धोखों को गिनाऊंगा तो कई दिन निकल जाएंगे। मैं सिर्फ एक उदाहरण देता हूं। कांग्रेस ने देश की रक्षा करने वाले फौजियों के साथ तक धोखा किया। कांग्रेस ने वन रैंक वन पैंशन नहीं दी। जबकि मैंने रेवाड़ी में वादा किया था। 2013 सितंबर में मैंने कहा था रेवाड़ी वीरों की धरती है। तब मैंने कहा था कि वादा करता हूं कि मैं वन रैंक वन पेंशन लागू करूंगा। हमने लागू किया। फौजी परिवारों को करीब सवा लाख करोड़ रुपए दिए। अब बताइए जिस काम के लिए सवा लाख करोड़ लगने वाले थे, ये उनको पांच सौ देते थे। ये धोखा है, फरेब है।

#### कांग्रेस हमारी सेना पर भी हमला करती है

उन्होंने कहा कि ये अर्बन नक्सली गठजोड़ भारत को कभी मजबूत होते नहीं देख सकते। इसलिए ये कांग्रेस हमारी सेना पर भी हमला करती है। हमारी सेना ने दुश्मनों को बार बार पीटा, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार दुश्मनों की तारीफ करता है। मैं सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट देख रहा था, वहां कांग्रेस को लेकर कुछ पोस्टर डाले थे। इनमें लिखा था कि कांग्रेस के लोग जोर से कहते हैं कि 370 वापस लाएंगे, लेकिन कांग्रेस ने ये नहीं कहा कि पीओके वापस लाएंगे। कांग्रेस ने देश का मुकुट तोड़ दिया। कश्मीर को भी तोड़ दिया। इतना बड़ा हिस्सा गंवा दिया।

---

### विजय संकल्प रैली में राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना, बोले-

## भाजपा सरकार में रोजगार के सभी अवसर बंद

सोनीपत। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सोनीपत के सेक्टर 15 स्थित हुड्डा ग्राउंड में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश में रोजगार के सभी रास्तों को बंद कर दिया है। युवाओं के लिए अग्निवीर योजना लाकर उनके भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। योजना के तहत लगे युवाओं के लिए न तो पेंशन व कैंटीन की कोई सुविधा है और न ही देश सेवा में शहीद होने वाले अग्निवीर जवानों को शहीद का दर्जा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सिर्फ भाजपा के साथ है। कांग्रेस में सभी शेर हैं, जब यह गरजते या दहाड़ते हैं तो मुझे समझाना पड़ता है, लेकिन अंदर खाते कांग्रेस में सभी एकजुट हैं। भाजपा व आरएसएस के कार्यकर्ता भाईचारा तोडने का काम करते हैं। प्रदेश में जल्द कांग्रेस की 36 बिरादरी की सरकार होगी। सभी अन्य पार्टियां भाजपा की ए, बी, सी, डी हैं।



राहुल गांधी मंगलवार को पांडवों की धरती पर सोनीपत के सेक्टर-15 स्थित हुडा ग्राउंड में आयोजित जनसभा के दौरान लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार ने जवानों की पेंशन की राशि को अदाणी की जेब में डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर लोगों को 500 रुपये में सिलिंडर, 300 यूनिट निशुल्क बिजली व 100 वर्ग गज के प्लॉट मुहैया करवाने का काम किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने परिवार पहचान पत्र को परिवार परेशान पत्र बना दिया है। इससे हर वर्ग दुखी है। कांग्रेस की सरकार आने पर इसे खत्म किया जाएगा। कांग्रेस की लड़ाई सिर्फ संविधान बचाने की है। जनसभा के दौरान ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन बजरंग पूनिया, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह, सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

---

### बुलडोजर केस में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## कोई भी मंदिर, मस्जिद...सार्वजनिक बाधा नहीं बन सकती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजानिक स्थल पर बने मंदिर, मस्जिद या किसी दूसरे धार्मिक स्थल को हटाने को लेकर सख्त टिप्पणी की है। बुलडोजर केस में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं। हमारे निर्देश सभी के लिए हैं, चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय के हों। बेशक, सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण के लिए कहा है कि अगर यह सार्वजनिक सड़क या फुटपाथ या जल निकासी या रेलवे लाइन क्षेत्र पर है, तब स्पष्ट कर दिया है। अगर सड़क के बीच में कोई धार्मिक संरचना है, तब वह सार्वजनिक बाधा नहीं बन सकती।



सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि चाहे मंदिर हो, दरगाह हो या अन्य कोई दूसरा धार्मिक स्थल। जहां जनता की सुरक्षा की बात हो और सार्वजानिक स्थल पर हो तब उस हटाना ही होगा। जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। सुनवाई के दौरान जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा कि अगर उल्लंघन करने वाले दो स्ट्रक्चर हैं और सिर्फ एक के खिलाफ ही कार्रवाई की जाती है, तब सवाल उठना लाजिमी है।

जस्टिस गवई ने कहा, हम ये साफ कर देते हैं कि सिर्फ इसकारण तोड़फोड़ नहीं की जा सकती, क्योंकि कोई व्यक्ति आरोपी या दोषी है। साथ ही, इससे ध्यान देना होगा कि तोड़फोड़ के आदेश पारित होने से पहले भी एक सीमित समय होना चाहिए। साल में 4 से 5 लाख डिमोलिशन की कार्रवाई होती हैं। पिछले कुछ सालों का आंकड़ा है। सुनवाई के दौरान जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि भले ही निर्माण अधिकृत ना हो, लेकिन एक्शन के बाद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सड़क पर देखना अच्छा नहीं लगता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि फिलहाल देश भर में तोड़फोड़ पर अंतरिम रोक जारी रहेगी। सॉलीसिटर जनरल ने कहा कि इसमें से मात्र 2 प्रतिशत के बारे में हम अखबारों में पढ़ते हैं, इस लेकर विवाद होता है। जस्टिस गवई ने कहा बुलडोजर जस्टिस! उन्होंने कहा कि हम निचली अदालतों को निर्देश देंगे कि अवैध निर्माण के मामले में आदेश पारित करते समय सावधान रहें।

एसजी मेहता ने सुनवाई के बीच कहा कि हिंदू-मुस्लिम की बात क्यों आती है। वे हमेशा अदालत में आ सकते हैं, इसमें भेदभाव कहां हैं।

---

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी ने मुडा को की भूमि वापस

बेंगलुरु। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूमि आवंटन में कथित घोटाले को लेकर बढ़ते विवाद के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि उनकी पत?नी ने भूमि वापस कर दी है। सिद्धारमैया ने एक?स पर लिखा, मेरी पत्नी पार्वती ने मैसूर में मुडा भूमि अधिग्रहण के बिना जब्त की गई भूमि के मुआवजे के रूप में दी गई भूमि वापस कर दी है।

मुख?यमंत्री सिद्धारमैया ने एक?स पर लिखा, प्रदेश की जनता भी जानती है कि विपक्षी दलों ने मेरे खिलाफ राजनीतिक द्वेष पैदा करने के लिए झूठी शिकायत रची और मेरे परिवार को विवाद में घसीटा। मेरी स्थिति इस अन्याय के सामने झुके बिना लड़ने की थी। लेकिन मेरे खिलाफ चल रहे राजनीतिक षड्यंत्र से परेशान मेरी पत्नी ने ये प्लॉट वापस करने का फैसला लिया है, जिससे मैं भी हैरान हूं। मेरी पत्नी, जो मेरी चार दशक लंबी राजनीति में कभी भी हस्तक्षेप किए बिना अपने परिवार तक ही सीमित थी, मेरे खिलाफ नफरत की राजनीति का शिकार है और मनोवैज्ञानिक यातना झेल रही है। मुझे खेद है। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती ने सोमवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) को पत्र लिखकर उन्हें आवंटित 14 भूखंडों को वापस करने की पेशकश की है। पार्वती का पत्र मुडा भूमि आवंटन में कथित घोटाले को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आया है। उन्होंने पत्र में लिखा, मैं मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूखंडों को वापस करना चाहती हूं। मैं भूखंडों का कब्जा भी मैसूर शहरी विकास को वापस सौंप रही हूं। प्राधिकारी कृपया इस संबंध में यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठाएं। इस घटनाक्रम पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि वास्तव में यह पत्र मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे का होना चाहिए।

---

## दुष्यंत-चंद्रशेखर के चुनावी काफिले पर हमला, बाल-बाल बचे नेता

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हमला हुआ है। यह हमला जींद जिले के उचाना कलां हलके में हुआ, जहां से दुष्यंत चौटाला चुनाव लड़ रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद जो दुष्यंत चौटाला के समर्थन में रोड शो कर रहे थे उनके काफिले पर पत्थर फेंका गया गनीमत रहा कि चंद्रशेखर को नहीं लगा उसकी गाड़ी का शीशा टूट गया।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को दुष्यंत चौटाला और चंद्रशेखर आजाद का काफिला चुनाव प्रचार कर रहा था तभी यह हमला किया गया। हमले की खबर मिलते ही उनके समर्थक वहां पहुंच गए, जिससे हंगामा खड़ा हो गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी वहां पहुंच गई और दुष्यंत चौटाला और उचाना थाने के एसएचओ के बीच जमकर बहसबाजी हुई। दुष्यंत और चंद्रशेखर ने पुलिस से अपील की कि हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। हालांकि, इस हमले में दोनों नेताओं को किसी भी प्रकार की चोट नहीं आई है।

इस हमले के पीछे का कारण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन यह घटना जेजेपी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के बीच गठबंधन के तहत विधानसभा चुनाव की गरमी को दर्शाती है। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें जेजेपी 70 सीटों पर और आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

---

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

## निर्मला सीतारमण पर दर्ज नहीं होगी एफआईआर

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड मामले में सोमवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर 22 अक्टूबर तक अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया है। इस मामले में सह-आरोपी कर्नाटक भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष नलिन कुमार कटील के खिलाफ दर्ज एफआईआर में आगे की जांच पर रोक लगा दी गई है। उनपर आरोप है कि उन्होंने चुनावी बॉन्ड की आड़ में जबरन वसूली की थी। इस मामले की अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी।



एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। भाजपा कर्नाटक प्रमुख बी वाई विजयेंद्र, पार्टी नेता नलिन कुमार कटील का भी एफआईआर में नाम है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रतिवादी द्वारा आपत्ति दर्ज किए जाने तक, प्रथम दृष्टया भी जांच की अनुमति देना, कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। इसलिए मैं अगली सुनवाई की तारीख तक मामले में आगे की जांच को रोकना उचित समझता हूं।

#### 8000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ


बता दें कि जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने चुनावी बॉन्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ उठाया। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के लाभ के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की।

---

## वाराणसी के 14 मंदिरों से साईबाबा की मूर्तियां हटाई

### सनातन रक्षक दल ने 100 मंदिरों की लिस्ट बनाई

वाराणसी। वाराणसी में सनातन रक्षक दल ने मंगलवार को 14 मंदिरों से साईं बाबा की मूर्तियां हटा दीं। दल के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि सनातन मंदिर में सनातन देवी-देवता होने चाहिए। समाजवादी पार्टी ने कहा- ये लोग काशी का माहौल खराब कर रहे हैं। इन मूर्तियों को गंगा में विसर्जित किया गया या साईं बाबा के मंदिरों में पहुंचाया जा रहा है। सनातन रक्षक दल ने अभी 100 और मंदिरों की लिस्ट बनाई है।



तीन दिन पहले शहर के सबसे प्रमुख बड़ा गणेश मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति को हटाकर गंगा में विसर्जित किया गया। पुरुषोत्तम मंदिर से भी मूर्ति हटाई जा चुकी है। इसके अलावा कई मंदिरों में सफेद कपड़े में मूर्तियों को लपेट कर रख दिया गया है। इस अभियान का आगाज शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने किया था। अब सनातन रक्षक दल ने अभियान चला रहा है।

---

### मद्रास हाईकोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव पर की तीखी टिप्पणी

## अपनी बेटी की शादी कर दूसरे की बेटियों को संन्यासी जीवन जीने पर क्यों प्रेरित कर रहे

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव पर तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने एक मामले की सुनवाई करते हुए उनसे पूछा कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी की है और वह सांसारिक सुख-सुविधाओं से युक्त जीवन जी रही है, फिर वे अन्य महिलाओं को क्यों सिर मुंडाकर संन्यासी की तरह जीने को प्रेरित कर रहे हैं। यह सवाल एक रिटायर्ड प्रोफेसर की याचिका पर उठाया गया, जिसमें आरोप लगाया है कि उसकी उच्च शिक्षित बेटियों का ब्रेनवॉश किया गया है और वे स्थायी तौर पर ईशा योग केंद्र में रह रही हैं।

प्रोफेसर एस. कामराज, जो कोयंबटूर स्थित तमिलनाडु एग्रिकल्चरल यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं, उन्होंने अदालत से मांग की कि उनकी बेटियों को निजी तौर पर कोर्ट में लाया जाए। इसके बाद उनकी 42 और 39 साल की दोनों बेटियां अदालत में पेश हुईं। सुनवाई के दौरान बेटियों ने साफ कहा कि वे अपनी इच्छा से ईशा फाउंडेशन में रह रही हैं और उन्हें किसी तरह की हिरासत में नहीं रखा गया है। यह मामला पिछले एक दशक से अदालत में चल रहा है।



प्रोफेसर कामराज ने कोर्ट को बताया कि उनके परिवार की जिंदगी नरक बन गई है, जब से उनकी बेटियां ईशा योग केंद्र में गई हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बेटियों को आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसके जवाब में, जजों ने इस मामले की और जांच करने का आदेश पुलिस को दिया और ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी केसों की सूची तैयार करने को भी कहा गया है। जस्टिस सिवागननम ने कहा कि हम यह जानना चाहते हैं कि जिस व्यक्ति ने अपनी बेटी का विवाह किया और उसे सांसारिक सुख-सुविधाओं में रखा, वह दूसरों की बेटियों को सिर मुंडाकर संन्यासी जैसा जीवन जीने के लिए क्यों प्रेरित कर रहा है। ईशा फाउंडेशन ने कोर्ट की इन टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि ये महिलाएं स्वेच्छा से वहां रह रही हैं और उन पर कोई दबाव नहीं है। फाउंडेशन ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य किसी पर शादी या संन्यास थोपना नहीं है। इस सुनवाई ने एक बार फिर सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच संतुलन की जरुरत को उजागर कर दिया है, जिससे यह साफ होता है कि व्यक्तिगत पसंद और पारिवारिक दबाव के बीच संघर्ष कैसे उत्पन्न हो सकता है।

---

### आर्मी चीफ बोले-सेना हर परिस्थिति के लिए तैयार

## चीन के साथ हालात स्थिर, सामान्य नहीं

नई दिल्ली। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि चीन के साथ भारत के हालात स्थिर हैं, लेकिन ये सामान्य नहीं हैं, काफी संवेदनशील हैं। चीन के साथ हमें लड़ना भी है, सहयोग करना है, साथ रहना है, सामना करना है और चुनौती भी देनी है। चीन के साथ रिश्ते बहुत उलझे हुए हैं।



सेना प्रमुख ने कहा कि हम चाहते हैं चीन के साथ हालात अप्रैल 2020 के पहले जैसे हो जाएं। फिर चाहे वह जमीन के कब्जे की बात हो या बफर जोन बनाए जाने की बात हो। जब तक पहले जैसे स्थिति बहाल नहीं होती, तब तक हालात संवेदनशील बने रहेंगे और हम किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सबसे बड़ी क्षति हमारे विश्वास की हुई है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच अप्रैल से अब तक कमांडर लेवल की 17 बैठकें हुई हैं। इन बैठकों में हमने कई मुद्दों पर चर्चा की है। अब जब दोनों तरफ मुश्किल हालात हैं, तो हमें ऐसा रास्ता ढूंढना होगा जिसमें दोनों को फायदा हो।

#### बैठकों की मदद से तनाव खत्म करने की कोशिशें जारी हैं

इससे पहले सितंबर की शुरुआत में विदेश मंत्रालय ने भारत-चीन रिश्तों के मौजूदा हालात को लेकर अपडेट दिया था। उन्होंने कहा था कि बातचीत जारी रखने और वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन बैठकों के माध्यम से तनाव को सुलझाने की कोशिशें जारी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कई फोरम में लगातार चीन के साथ संबंधों पर चर्चा कर चुके हैं।

# फांसी लगाने से 13 वर्षीय बालिका की मौत

## स्कूल की टाई से अंशी ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमाटोला निवासी शैलेष रंगारे की १३ वर्षीय बेटी अंशी रंगारे ने स्कूल की टाई से लोहे के एंगल में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमाटोला पांढरवानी निवासी शैलेष रंगारे सोमवार को लालबर्रा काम पर आ गया था एवं उनकी पत्नि भी कपड़े दुकान में काम करने आ गई थी। घर पर उनकी बड़ी बेटी अंशी रंगारे एवं छोटी बेटी घर पर थी और अंशी रंगारे सोमवार को स्कूल भी नही गई थी एवं उनकी छोटी बहन स्कूल गई थी। जिसे अंशी रंगारे ने शाम ४ बजे के बाद स्कूल से घर ला ली थी जिसके बाद अंशी की छोटी बहन स्कूल से आने के बाद पड़ोस के चाचा के घर खेलने चले गई थी एवं अंशी भी शाम ६ बजे तक खेलते रही उसके बाद घर में आई और दरवाजा बंद कर दी जिससे पड़ोसियों को लगा कि वह घर के अंदर काम कर रही होगी। शाम करीब ६.३० से ७ बजे बीच अंशी की माँ लालबर्रा से काम कर वापस अपने घर पहुंची तो अंदर से दरवाजा बंद था। जिसके बाद उन्होने अंशी को दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई परन्तु अंदर से कोई आवाज नही आने के बाद वह मकान के पीछे खिड़की से झाककर देखी तो अंशी फांसी पर लटकी हुई दिखाई दी। जिसके बाद वह रोते हुए चिल्लाने लगी जिसकी आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़कर आये और दरवाजा को तोड़कर फांसी पर लटकी बालिका को नीचे उतारकर तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये जहां चिकित्सक



ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई और पुलिस घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की परन्तु रात हो जाने के कारण दुसरे दिन मंगलवार को प्रातः ११ बजे मृतिका छात्रा अंशी रंगारे का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है कि शैलेष रंगारे की दो बेटिया है जिसमें अंशी रंगारे बड़ी बेटी थी जो वैदिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा में कक्षा ७ वीं में अध्ययनरत थी और रोजाना की तरह सोमवार को भी अंशी के पापा-मम्मी काम करने लालबर्रा आ गये थे एवं उनकी छोटी बहन स्कूल से आने के बाद पड़ोस में खेलने चले गई थी और अंशी रंगारे भी शाम ६ बजे तक खेलते रही उसके बाद शाम करीब ६ बजे से ६.३० बजे के बीच में मकान के दरवाजे को अंदर से बंद कर दी। इसी दौरान उसने टाई गले में लगाकर फांसी लगा ली परन्तु किस कारण से उसने उक्त कदम उठाई है स्पष्ट नही हो पाया है, कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस मामले की जांच कर रही है - इंदल

मृतिका बालिका के बड़े पिताजी इंदल रंगारे ने बताया कि अंशी रंगारे सोमवार को शाम ४.३० बजे अपनी छोटी बहन को स्कूल से लेकर आई और शाम ६ बजे तक खेलते रही। जिसके बाद घर पहुंचकर मकान के दरवाजा को दोनों साईड से बंद कर अंदर ही रही। जब उनकी माँ शाम ६.३० बजे के बाद काम से घर आई तो उन्होने देखा कि दरवाजा दोनों साईड से बंद है। जिसके बाद उन्होने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई परन्तु अंदर से आवाज नही आने के बाद वे मकान के पीछे जाकर खिड़की से देखी तो अंशी फांसी पर लटकी हुई दिखी। जिसके बाद जोर-जोर से चिल्लाने के साथ ही रोने लगी जिनकी आवाज सुनकर पड़ोस के लोग दौड़े और दरवाजे को तोड़कर नीचे उतारकर अंशी को अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। श्री रंगारे ने बताया कि घटना के समय अंशी के पापा-मम्मी घर पर नही थे और अंशी की उम्र १३ वर्ष है, किस कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या की है पता नही, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इनका कहना है

आमाटोला पांढरवानी निवासी १३ वर्षीय बालिका ने घर पर फांसी लगा ली थी जिसे उपचार के लिए लालबर्रा अस्पताल लाया गया था जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसकी जानकारी लगने के बाद अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है और १३ वर्षीय बालिका किस कारण से फांसी लगाई है यह स्पष्ट नही हो पाया है, कारण अज्ञात है क्योंकि घटना के समय घर पर कोई नही थे, मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

सुश्री वैशाली उइके
उपनिरीक्षक
थाना - लालबर्रा

# मोहगांव ध. में प्रतिभा सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. में यूथ फ्रेंडस क्लब के तत्वाधान में गत दिवस प्रतिमा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं गाड़ा सरई डिंडोरी थाना प्रभारी दुर्गाप्रसाद नगपुरे की अध्यक्षता एवं जीटी सिरिज सिंगर कमलेश बाफना, बुग्लेश्वर नगपुरे, सुनील जायसवाल, फागुलाल



हिवारे, हुकुम देशकर, हिसबलाल दशरिये, जयराम नगपुरे, महेंद्र दशरिये, श्रीमति इन्द्रिका डोंगरवार के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित कार्यक्रम में कक्षा १० वीं, १२ वीं में ८५ प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक, प्रशासनिक कार्य में चयनित हुए विद्यार्थियों का अतिथि के हस्ते सम्मान किया गया। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें बालाघाट के स्टार सिंगर संतोष ठकरेले, मेघा डहरवाल सहित अन्य साथियों के द्वारा अपनी प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई कर सफलता प्राप्त करने की बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राधे नगपुरे, मनोज बनोटे कार्यकारी अध्यक्ष, विशाल दमाहे समिति अध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश कडुकार, धनेन्द्र बागड़े, बलराम नगपुरे, अंकित नगपुरे, रोशन माहुले, श्रवण लिल्हारे, एसलाल दमाहे, यसिस नगपुरे, कमलेश नगपुरे, विनय नगपुरे, भवेंद्र नगपुरे, महेश कडुकार, फूलचंद नगपुरे, आदित्य बरिया, शुभम बनोटे, शैलेश बनोटे, धर्मेन्द्र नगपुरे, विजय नगपुरे, टीकाराम नगपुरे सहित अन्य सदस्यगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन

## बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य हुआ प्रारंभ



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से गुजरी बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का खस्ताहाल होने के साथ ही जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन गये थे जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले राहगीरों एवं ग्रामीणजनों व स्कूली बच्चों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही लालबर्रा बस स्टैण्ड से २०० मीटर दुर सिवनी मार्ग स्थित सैंट्रल बैंक के पास व माँ सतबहनी मंदिर प्रवेश द्वार के सामने मार्ग के बीच में जानलेवा गड्ढा बन गया था। इसी तरह कंजई से लेकर गर्रा के बीच स्थित सिहोरा ढाबा, पाथरशाही, कटंगटोला, मिरेगांव व डोंकरबंदी में कुछ स्थानों पर भी जानलेवा गड्ढे बन गये थे जिसके कारण रोजाना दुर्घटनाएं घटित हो रही थी जिससे सभी परेशान थे। उक्त समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में १ अक्टूबर को हाईवे मार्ग में जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढे, दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारी हरकत में आये और १ अक्टूबर से बालाघाट से सिवनी मार्ग में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को सड़क विभाग के द्वारा लालबर्रा बस स्टैण्ड से २०० मीटर दुर सिवनी मार्ग के सैंट्रल बैंक व मजार के समीप मार्ग के बीच में बने जानलेवा गड्ढों का मरम्मत कार्य करवाया गया है। गड्ढों का मरम्मत कार्य होने से आवागमन में सुविधा होगी परन्तु यह मरम्मत कार्य कच्चा किया जा रहा है जो कुछ ही दिनों में जस की तस हो जायेगी। यहां मानकर चले कि सड़क विभाग के द्वारा सड़क का मरम्मत कार्य के नाम पर सिर्फ थूक पॉलिस करते हुए खानापूर्ति की जा रही है। जबकि सड़क विभाग को गड्ढों का पक्का मरम्मत कार्य करवाना था ताकि लंबे समय से सड़क टीक सके। राहगीर व ग्रामीणों ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग पूरी तरह से खराब हो चुकी है और जगह-जगह बड़े-बड़े बन गये है जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है और सड़क विभाग के द्वारा सड़क का मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है परन्तु वह कार्य भी गुणवत्ताहीन किया जा रहा है। जो कुछ दिनों में जस की तस हो जायेगी इसलिए प्रशासन से मांग है कि मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाये और दीपावली पर्व के बाद नवीन सड़क का जल्द निर्माण करवाये ताकि आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

# जाम में सेवा सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत जाम स्थित सेवा सहकारी समिति में गत दिवस वार्षिक आमसभा संपन्न हुई। यह कार्यक्रम पूर्व अध्यक्षता दिनेश पटले की अध्यक्षता एवं जनपद सदस्य जाहिद खान, कोमलचंद रहांगडाले, रामदेव साकुरे, धनेन्द्र गौतम, नीलमचंद रहांगडाले, दीपलाल लिल्हारे, दुलीचंद पटले, राजाराम ठकरेले व संस्था प्रबंधक डीके लिल्हारे के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। जिसके बाद संस्था प्रबंधक डीके लिल्हारे के द्वारा सोसायटी के क्रियाकलापों का जो कि संचालक मंडल द्वारा आगामी वर्ष २०२५-२६ के लिए तैयार किये गये अनुमोदन, वार्षिक रिपोर्ट वर्ष २०२३-२४ के वित्तीय पत्रक के अनुमोदन, आगामी सहकारी वर्ष २०२५-२६ के लिए अनुमानित बजट की स्वीकृत सहित अन्य जानकारी उपस्थित किसानों को दी गई। चर्चा में संस्था प्रबंधक डीके लिल्हारे ने बताया कि समिति की वार्षिक आमसभा में आगामी वर्ष २०२५-२६ के लिए ऋण वितरण का लक्ष्य ५ करोड़ रखा गया है। इसी तरह रासायनिक खाद बिक्री १३६ लाख, बचत बैंक संग्रहण लक्ष्य ४ करोड़, नये सदस्य बनाना १५० एवं क्रेडिट कार्ड वितरण करना १५०, अऋणी से ऋणी बनाने का ३५० सदस्य का लक्ष्य रखा गया है। श्री लिल्हारे ने बताया कि समिति द्वारा आगामी वर्ष २०२५-२६ के लिए अनुमानित बजट ९३.९९ लाख का स्वीकृत किया गया है। जिसमें आगामी वर्ष में अनुमानित लाभ ८.०५ लाख रूपये होने की संभावना है। साथ ही यह भी बताया कि समिति को वर्ष २०२३-२४ में ब्याज माफी योजना के कारण ४४,३४,६,३९.३४ रूपये की वर्ष में हानि उठाना पड़ा एवं वर्तमान में समिति राशि १,९३,८५,५,७१.५८ रूपये के संचित हानि में है, समिति को लाभ में लाने के लिए कालातीत, ऋणों की शत प्रतिशत वसूली करना अनिवार्य है ताकि समिति को एनपीए से बचाया जा सके। श्री लिल्हारे ने बताया कि समिति ने वर्ष २०२३-२४ में माह जून तक सदस्य ऋणी की वसूली ९२ प्रतिशत किया है और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के द्वारा समिति के कृषकों को शुन्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन ऋण, पशुपालन, मत्स्य पालन ऋण दिया जा रहा है एवं मध्यम कालीन/दीर्घकालीन ऋण अंतर्गत, कुआ पंप, बोरवेल, टयूवेल, थ्रेसर, ट्रैक्टर, परहा लगाने की मशीन, धान काटने की मशीन, डेयरी, पशुपालन ऋण दिया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि जिन कृषक सदस्य का बैंक में बचत खाता संचालित है एवं जिन कृषक सदस्यों की उम्र १८ से ७० वर्ष तक है वे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत न्यूनतम प्रीमियम २० रूपये जमा कर २ लाख रूपये का दुर्घटना बीमा करवा सकते है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अंतर्गत १८ से ५० वर्ष तक के कृषक सदस्य या आम नागरिक न्यूनतम प्रीमियम ४३६ रूपये जमा कर २ लाख रूपये का बीमा करवा सकते है। साथ ही यह भी बताया कि इसमें सामान्य मृत्यु होने पर भी दो लाख रूपये का क्लेम परिवार को मिलता है। फसल बीमा एच्छिक होने के कारण बहुत कम सदस्य ही फसल बीमा करवा रहे है जो गलत है सभी को करवाना है। श्री लिल्हारे ने बताया कि बीमा नही करवाने पर प्राकृतिक आपदा आने पर या फसल की नुकसानी होने पर बीमा न करवाने वाले कृषक सदस्यों को कोई लाभ नही मिलेगा इसलिए क्षेत्रीय किसानों से अपील है कि वे बीमा अवश्य करवाये, फसल बीमा में भी कृषकों से २ प्रतिशत, प्रीमियम, राज्य शासन ४ प्रतिशत एवं केन्द्र शासन ४ प्रतिशत का भुगतान बीमा कंपनी को करती है। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, क्षेत्रीय किसान एवं समिति के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित लिटिल स्टार कान्वेंट स्कूल में १ अक्टूबर को स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल से बच्चों की रैली निकाली गई और यह रैली ग्राम रामजीटोला, पांढरवानी, लालबर्रा बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पांढरवानी पंचायत पहुंची। इस रैली के माध्यम से स्कूल के बच्चों के द्वारा ग्रामीण व नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर दुकानदार एवं व्यापारियों को



पॉलीथिन मुक्त भारत निर्माण में सहयोग कर सामान पॉलीथिन में न देने एवं कचरे को डस्टबिन में डालने की अपील की है। वहीं इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि १७ सितंबर से २ अक्टूबर तक संपूर्ण देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में लिटिल स्टार कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर बाजार क्षेत्र में पहुंचकर दुकानदारों को स्वच्छता का संदेश दिया है और प्रोजेक्ट (मॉडल) बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है जो एक सराहनीय पहल है। लिटिल स्टार कान्वेंट स्कूल लालबर्रा प्राचार्य श्रीमती राणा तरन्नुम ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्कूल में स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, मंगलवार को स्कूल से जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है। साथ ही दुकानदारों से कचरा डस्टबिन में डालकर कूड़ेदान में डालने की अपील की गई है। साथ ही यह भी बताया कि स्वच्छता को लेकर देश में एक सख्त कानून बनना चाहिए क्योंकि जिस तरह से देखने में आता है कि बहुत से लोग गुटखा, पान खाकर विभिन्न जगहों पर थूकते रहते हैं एवं गंदगी करते है उन पर कार्यवाही होनी चाहिए। तभी स्वच्छ व सुन्दर भारत बन सकता है और महात्मा गांधी के सपने को साकार करना है, यह अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चें एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल वृध्द की मौत

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बकोड़ा निवासी ६५ वर्षीय हीरथ पंचेश्वर सड़क दुर्घटना में गत दिवस घायल हो गये थे। जिनका बालाघाट के नीजि अस्पताल में उपचार जारी था और चिकित्सक ने २८ सितंबर को छुट्टी दे दिये थे जिसके बाद उन्हे बकोड़ा घर ला लिया गया था। १ अक्टूबर को सुबह अधिक तबियत खराब होने से हीरथ पंचेश्वर की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस को सड़क दुर्घटना में घायल हुए हीरथ पंचेश्वर की मौत हो जाने की जानकारी दी गई और पुलिस को घटना की जानकारी लगने के बाद वे घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकोड़ा निवासी ६५ वर्षीय हीरथ/पीरमलाल पंचेश्वर गत १५ सितंबर को बालाघाट रोड़ स्थित बकोड़ा सरपंच के घर के समीप से गुजर रहा था इसी दौरान मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से हीरथ पंचेश्वर को जबरदस्त टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिसके बाद घायल को तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाकर भर्ती किया गया था जहां चिकित्सक ने घायल हीरथ का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया था और कुछ दिन जिला चिकित्सालय में उपचार चलने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नही आने के बाद परिजनों ने उन्हे नीजि अस्पताल में भर्ती किये थे। जहां उपचार जारी था उसके बावजूद भी स्वास्थ्य में सुधार नही आने पर चिकित्सक ने कहा कि शरीर कमजोर हो चुका है, घर लेकर जा सकते हो। जिसके बाद घायल के परिजनों ने हीरथ पंचेश्वर को २८ सितंबर को अपने घर बकोड़ा लेकर आ गये थे जिनका उपचार घर पर ही जारी था। १ अक्टूबर को प्रातः ८ बजे अचानक तबियत अधिक खराब होने एवं हृदयगति रूक जाने से उनका निधन हो गया। सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति हीरथ पंचेश्वर की मौत हो जाने की जानकारी लालबर्रा पुलिस को दी गई। जिसके बाद लालबर्रा पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर मृत व्यक्ति का लालबर्रा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृत व्यक्ति के परिजनों ने मोटरसाइकिल चालक पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। बकोड़ा सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम नागेश्वर ने बताया कि गत १५ सितंबर को सड़क दुर्घटना में हीरथ पंचेश्वर घायल हो गये थे जिनके हाथ, पैर की हड्डियां टूट गई थी जिनका उपचार बालाघाट के नीजि अस्पताल में चल रहा था। २८ सितंबर को घर ला लिये थे, १ नवंबर को सुबह ८ बजे उनकी मौत हो गई, पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# नवरात्री पर्व पर पांढरवानी पंचायत का विशेष सफाई अभियान जारी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी नवरात्री पर्व के मद्देनजर मंदिर एवं पूजा स्थलों की साफ-सफाई करवाने के साथ ही विद्युत कार्य किया जा रहा है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सरपंच अनीस खान ने बताया कि आगामी नवरात्री पर्व के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थल, मंदिरों के कार्यक्रम स्थल के निकट सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसमें लालबर्रा नगर मुख्यालय गंज, हाईस्कूल मैदान, सरस्वती सभामंच, माँ सतबहनी मंदिर, ग्राम पांढरवानी, रामजीटोला सहित पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के मंदिरों व पूजा स्थल के आसपास की सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसमें नाली सफाई कार्य, कचरा मार दवाई से कचरा सफाई कार्य, झाड़ी, घास की कटाई-छटाई कार्य शामिल हैं इसके अलावा लालबर्रा नगर मुख्यालय सहित पंचायत क्षेत्र के ग्रामों में स्ट्रीट लाईट का सुधार कार्य भी किया जा रहा है ताकि पर्व में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था बनी रहे।



कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पश्चिम एशिया के हालात

पिछले 7 अक्टूबर, 2023 को पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से हिज्बुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्लाह की हत्या इजराइल द्वारा की गई सबसे ज्यादा खतरनाक नतीजे वाली हरकतों में से एक है। नसरल्लाह की तीन दशक लंबी अगुवाई में लेबनान में एक समानांतर राज्य के रूप में उभरे हिज्बुल्लाह को इजराइलियों ने अपने सबसे ताकतवर गैर-राज्य दुश्मन के रूप में देखा है। अमेरिका द्वारा एक आतंकवादी समूह के रूप में देखा जाने वाला, यह संगठन ईरान के 卐प्रतिरोध की धुरी卐 में एक केंद्रीय घटक भी है, जिसके जरिए ईरान इस पूरे इलाके में अपना प्रभाव जमाता है। नसरल्लाह को मारकर, इजराइल ने हिज्बुल्लाह को भारी झटका दिया है और ईरान के प्रभाव को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है, लेकिन उसके सीमा पार हमलों ने हजारों लोगों को मार डाला है और विस्थापित कर दिया है और ईरान की सबसे चमकदार लाल रेखाओं को लांघ दिया है। यह क्षेत्र इजराइल और ईरान के बीच एक खुले युद्ध के इतने करीब कभी नहीं रहा। जब 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा पर अपना जवाबी युद्ध शुरू किया, तो नसरल्ला ने उत्तरी इजराइल में रॉकेट दागकर दूसरा मोर्चा खोल दिया। जब गाजा के खिलाफ युद्ध में हजारों फिलिस्तीनी मारे जा रहे थे, तब वह इजराइली रक्षा बलों पर कुछ सैन्य दबाव बनाए रखना चाहता था। जब इज़राइल का ध्यान गाजा पर था, तो उसने हिज्बुल्लाह के रॉकेटों के जवाब में सीमित गोलाबारी ही की। लेकिन गाजा के अधिकांश हिस्से को नष्ट करने के बाद, इजराइल ने अपना ध्यान लेबनान की ओर मोड़ दिया और फिर नाटकीय ढंग से संघर्ष को बढ़ाते हुए हिज्बुल्लाह के जमीनी स्तर के पदाधिकारियों, उसके कमांडरों और फिर नसरल्लाह को निशाना बनाया।

उत्तर में इज़राइल का घोषित मकसद हिज्बुल्लाह के रॉकेटों से विस्थापित हुए 60,000 से ज्यादा लोगों को अपने घरों में लौटने में समर्थ बनाना है। उसके हमलों ने हिज्बुल्लाह को कमजोर तो कर दिया है, लेकिन उसकी मिसाइल क्षमताओं को नष्ट नहीं किया है। इसका मतलब यह है कि इजराइल हिज्बुल्लाह को लितानी नदी के उत्तर में धकेलने और सीमा पर एक बफर बनाने की कोशिश में लेबनान में जमीनी हमले शुरू कर सकता है। जमीनी हमलों से गहरे आर्थिक संकट से जूझते लेबनान में हजारों लोग विस्थापित होंगे और मारे जायेंगे। गाजा के खिलाफ इजराइल का हमला हमास को नष्ट करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के अपने घोषित मकसदों को अभी तक हासिल नहीं कर पाया है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि इजराइल लेबनान में अपने मकसदों को जल्दी पूरा कर लेगा। लेकिन इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस संकट को इजराइल के लिए अपने गैर-राज्य प्रतिद्वंद्वियों को नीचा दिखाने के एक मौके के तौर पर देखते हैं, यहां तक ???‌?कि ईरान के साथ एक पूर्ण युद्ध शुरू करने की कीमत पर भी। अमेरिका सार्वजनिक रूप से गाजा और लेबनान में युद्धविराम का आह्वान तो करता है, लेकिन इन जुबानी जमा खर्च का कोई महत्व नहीं है क्योंकि बाइडेन प्रशासन इजराइल को हथियार देना जारी रखे हुए है। बार-बार उकसाने और कोने में धकेले जाने के बाद भी ईरान ने अब तक अपेक्षाकृत संयम बरता है, जबकि इजराइल खून का प्यासा हो उठा है। नसरल्लाह की हत्या का जवाब ताकत से देने के लिए ईरान को लुभाया जा सकता है। लेकिन तेहरान को श्री नेतन्याहू को वह नहीं देना चाहिए जो वह चाहते हैं - पश्चिम एशिया में एक व्यापक युद्ध छेड़ने का बहाना।

# गांधी और शास्त्री के सपनों का भारत और वर्तमान परिदृश्य

महापुरुष कहां मरते है? महापुरुषों के कार्य, उनके आदर्श; मानस पटल पर सदैव अंकित रहते हैं। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री भारत मां अमर के सिपाही हैं; वे अपने महान कार्यों से आज भी अजर-अमर है। मां भारती की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले महापुरुष सदैव याद किए जाते रहेंगे... 卐

विशाल भारत वसुंधरा का गौरव गान पूरा विश्व करता है। मां भारती ने ऐसे महापुरुषों को जन्म दिया हैं; जिन्होंने पूरे जगतीतल पर भारत मां का शीश ऊंचा किया है। भारत का इतिहास अत्यंत गौरवशाली और प्रेरणास्पद है। हजारों-हजार बरस के भारत का इतिहास इस बात का साक्षी है कि भारत मां के महान सपूतों ने भारत मां की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया है। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों के जीवन दर्शन से हम महत्वपूर्ण बातें सीखते हैं। जब किसी बात से हम व्यथित हो या फिर किसी कारण हमारे आदर्श डगमगाने लगे तो फिर आप महापुरुषों की जीवनी पढ़ें; हम पाएंगे कि इनका जीवन संघर्षों की महागाथा है। गांधी-शास्त्री जैसे महापुरुष अनेकानेक उतार-चढ़ाव के बावजूद भी ईमानदारी, सत्य मार्ग और देश के लिए समर्पित होने से कभी पीछे नहीं हटे। एक ओर जहां महात्मा गांधी अपने जीवन से अहिंसा, सत्य, ईमानदारी और देशप्रेम की सीख देते है, वहीं शास्त्री जी का पूरा जीवन भारत मां के लिए समर्पित प्रतीत होता है। उनकी सादगी, अनुशासन और व्यवहार कुशलता आज भी हमारे लिए अमूल्य धरोहर है। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे अमर नायकों की कहानियां; उनका जीवन दर्शन हमें प्रेरित करता है।

2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म हुआ था। शास्त्री जी जब सिर्फ डेढ़ बरस के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। जिनके किस्मत में पिता का साया नहीं होता; उनका जीवन दूसरों की तुलना में ज्यादा संघर्ष भरा होता है। इसके बावजूद भी शास्त्री जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और भारत मां के प्रति सेवा भावना ने उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनाया। जब इनके जीवन दर्शन के बारे में पढ़ते है तो हम गौरवशाली महसूस करते हैं। शास्त्री जी की सादगी,उनका अनुशासन और जीवन जीने का सलीका अद्वितीय है; ऐसे लोग विरले ही मिलते हैं। पूरे विश्व में भारतीय वसुंधरा को कीर्तिमय करने वाले महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर



1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले महात्मा गांधी आज भी अपने विचारों के साथ अमर है। सिर्फ भारत ही नहीं पूरा विश्व उनकी महानता के आगे नतमस्तक होता है। आजादी का इतिहास, वीर गाथाएं हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण सिखाती है। भले ही आज के स्वार्थी राजनीतिक परिदृश्य में महापुरुषों का चित्रण अलग-अलग रूपों में किया जा जा रहा हो, स्वत- की स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी को कम या ज्यादा महान बताने की कुत्सित परंपराएं चलाई जा रही हो किंतु आजादी के नायकों या भारत मां पर अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले वीर बलिदानियों की गाथाओं और उनका चरित्र सदैव अमर रहेगा, महापुरुषो के जीवन ज्योति से आजादी रूपी प्रकाश हमेशा जगमगाता रहेगा। महात्मा गांधी, नेहरू, सरदार पटेल, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, राम प्रसाद बिस्मिल, तिलक या अम्बेडकर जैसे तमाम आजादी के दीवानों को हर भारतीय नमन करता है। नेता या राजनीतिक दल अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए महापुरुषों को जाति, धर्म, जन्म स्थान या फिर वैचारिक आधार पर बांटने का प्रयास करते हो किंतु एक आम भारतीय इस बात से कोई इत्तेफाक ही नहीं रखता, उसे इतना पता है कि आजादी के लिए जिन्होंने भी कुर्बानियां दी, निःस्वार्थ भाव से सब कुछ समर्पित कर दिया; वे हर भारतीय के लिए नायक है। नेता या राजनीतिक दल कई मौकों पर अपने स्वार्थ सिद्धि के चक्कर में महापुरुषों को जाति, धर्म या वैचारिकता के आधार पर बांट देते हैं और जनता को बरगलाने का काम करते फिरते हैं। खैर! सत्यता कहां छुप सकती है? वह कभी ना कभी उजागर हो ही जाती है। महानता विचारों और कर्मों में छिपी होती है।

आजादी के लिए खुद को कुर्बान कर देने वाले नायकों का जीवन सबके लिए अनुकरणीय है लेकिन कई लोग इसमें भी अपना स्वार्थ खोजते हैं। कई लोग कभी गांधी को दोष दे देते हैं तो कोई भगत सिंह को हिंसावादी बता देता है। कई लोग अंबेडकर को मात्र दलितों का मसीहा बता कर उनके महान व्यक्तित्व को कम करने का कुत्सित प्रयास भी करते है तो कई स्वार्थी तत्व महान महापुरुषों को सिर्फ अपने क्षेत्र या राज्य का घोषित करने पर आमादा हो जाते हैं, उन्हें लगता है कि इनकी सीमाएं तय कर दी जाए! ऐसी भावनाएं या ऐसी निम्न स्तर की सोच महापुरुषों या महानायकों के संघर्ष, उनके समर्पण को कमतर करने की कुचेष्टा तो करती हैं किंतु इससे रत्ती भर का भी फर्क नहीं पड़ता...। जो महापुरुष होते हैं उनका कार्य होता है; जनमानस को सही राह दिखाना। सत्य, साहस, ईमानदारी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना। यदि हम महापुरुषों को विचारों, धर्म, जाति आदि के नाम पर बांटने लगे तो फिर क्या होगा? किसी ने कहा है कि - 卐मंदिर मस्जिद तोड़ने से भी ज्यादा बुरा है; किसी का दिल तोड़ना卐 इसीलिए आइए! हम सभी का सम्मान करें। आज हम आजाद हैं और अपनी सोच को भी आजाद रखें। किसी भी स्वार्थी नेता या राजनीतिक रोटियां सेकने वाले राजनीतिक दलों से दूर रहें। अपने मताधिकार का सही उपयोग करें। सही नेता और कुशल प्रशासक; एक ईमानदार लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक है। कई लोग सिर्फ सत्ता के भूखे होते हैं और हमें ऐसे लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। और वैसे भी भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमें प्रेम और भाईचारा सिखाती हैं; किसी का अपमान करना नही...। यह देखकर आश्चर्य होता है कि आज भी जब कई लोग गांधी और गोडसे की तुलना करते हैं! जब कई नेहरू और पटेल में से किसी एक को कम आंकने का प्रयास करते हैं..! अभिव्यक्ति या विचारों के प्रदर्शन के अपने-अपने लॉजिक हो सकते हैं किंतु जो सच है; वह सच ही रहेगा...हमेशा।



-पूनम राउत 'पुष्प'

# हॉं मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी

## महात्मा गांधी और भारत की असली धर्मनिरपेक्षता



इस समय सम्पूर्ण देश में इस बात पर बहस जारी है कि सेक्युलरिज्म भारतीय मूल्य है या यूरोपीय है। इस बात पर बहस तमिलनाडू के राज्यपाल द्वारा प्रारंभ की गई। परंतु जिस सेक्युलरिज्म को हम मानते हैं, जिस सेक्युलरिज्म को इस देश की बहुसंख्यक जनता मानती है वह पूरी तरह से भारतीय है। हम सेक्युलरिज्म की इस परिभाषा को मानते हैं जो बापू ने की है। उनका धर्मनिरपेक्षता या सेक्युलरिज्म के प्रति जो विचार था वह ही हमारा विचार है।

गाँधीजी की नज़र में धर्मनिरपेक्षता क्या है? उन्होंने अनेक अवसरों पर इसकी परिभाषा की थी। हमारा तमिलनाडू के राज्यपाल से अनुरोध है कि वे भी गाँधीजी द्वारा परिभाषित सेक्युलरिज्म को स्वीकार करें।

गांधीजी की समाज व्यवस्था का आधार था धर्मनिरपेक्षता। उनसे एक विदेशी पत्रकार ने पूछा कि "यह कैसे हो सकता है कि आप धार्मिक हैं और धर्मनिरपेक्ष भीं"। उनका उत्तर था "हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी। मेरी मेरे सनातन धर्म में अगाध आस्था है। यदि कोई मेरी आस्था पर हमला करेगा तो मैं अपने धर्म की रक्षा करते हुए अपनी जान भी दे दूंगा। परंतु यदि मेरे पड़ोस में किसी अन्य धर्म का पालन करने वाला परिवार रहता है और उसकी आस्था पर कोई हमला करता है तो मैं उसकी रक्षा करते हुए भी अपनी जान दे सकता हूँ"। यह है गाँधी जी का सेक्युलरिज्म अर्थात भारत का सेक्युलरिज्म।

इस समय हमारे देश में धर्म के आधार पर प्राय: संघर्ष की स्थिति निर्मित हो जाती है। परंतु ऐसी स्थिति में हम तटस्थ हो जाते हैं और मूक दर्शक बनकर खून-खराबा होने देते हैं। यहां तक कि हमारी पुलिस भी तमाशबीन बन जाती है। पिछले 70 वर्षों में हमारे देश में धार्मिक वैमनस्य के कारण हुए दंगों से देश काफी कमजोर हुआ है। गांधीजी ने साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए मैदानी संघर्ष किया। नौआखली और दिल्ली के दंगों के दौरान उनकी भूमिका इतिहास का हिस्सा बन गई। धार्मिक अल्पसंख्यकां की सुरक्षा और विकास गांधीजी की धर्मनिरपेक्षता का अभिन्न अंग था।

एक अवसर पर गांधीजी ने कहा था "यदि आजाद भारत में अल्पसंख्यक, दलित और स्त्रियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करेंगीं तो वह भारत मेरे सपनों का भारत नहीं होगा। मेरे भारत में छुआछूत नहीं होगी। मेरे भारत में सभी को अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार होगा। मेरे भारत के नागरिकों को कोई यह आदेश नहीं देगा कि वह क्या खाए और क्या न खाए, क्या पहने और क्या न पहने। मेरे भारत की सरकार सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबर सुरक्षा देगी और किसी एक धर्म को संरक्षण प्रदान नहीं करेगी"।

गांधीजी की इच्छा थी कि भारत एक लोकतंत्र बने। उनकी मान्यता थी कि लोकतंत्र में ही धर्मनिरपेक्ष समाज का अस्तित्व हो सकता है। उनके लोकतंत्र में ऐसी राजनीतिक पार्टियों का कोई स्थान नहीं होगा जो संकुचित, स्वार्थों को बढ़ावा दें, जो सिर्फ पैसे की ताकत से सत्ता पर कब्जा करें और जो षड़यंत्र करके सत्ता हथियाएं। लोकतंत्रात्मक समाज में पुलिस और सेना की क्या भूमिका होगी इसके बारे में गांधीजी के स्पष्ट विचार थे। गांधीजी के अनुसार आजाद भारत में पुलिस व सेना पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उसका मुख्य कर्तव्य देश में शांति और भाईचारा स्थापित करना होना चाहिए। उन्हें गरीबों और असहायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें हमेशा अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। स्वयं पुलिस व सेना के भीतर जाति तथा धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए। गांधीजी का कहना था कि "धार्मिक समरसता के साथ-साथ सभी के सिर पर छांव, सभी को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिलनी चाहिए। सभी को सुलभता से न्याय प्राप्त होना चाहिए। सभी के बीच सीमेंट के समान एकता रहनी चाहिए। मैं स्वयं इस एकता के लिए सीमेंट की भूमिका अदा करने को तैयार हूं। इस एकता के लिए मैं अपना खून भी दे सकता हूँ" और गांधीजी ने ऐसा किया भी।

नाथूराम गोडसे गांधीजी के इन्हीं विचारों से नाराज था और इसी के चलते उसने बापू की हत्या की और बापू ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने इस समरसता को कायम रखने के लिए सीमेंट का काम किया।

जान ब्रिले, जिन्होंने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि लिखी थी, से पूछा गया कि आपने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि क्यों लिखी? उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि "मुझे गांधीजी के अभूतपूर्व साहस, उनकी नम्रता, उनकी प्रतिबद्धता, सहनशीलता, उनकी दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने की चुंबकीय शक्ति, जिस शक्ति से गांधीजी विभिन्न संस्कृतियों के जीते-जागते प्रतीक जवाहरलाल नेहरू और हठ की हद तक दृढ़ निश्चयी और रूखे व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल को अपनी ओर आकर्षित कर सके।

"उनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी, इसी क्षमता के बलबूते उन्होंने कांग्रेस को, जो शुरू में एक क्लब था, एक ताकतवर संगठन बना दिया। विरोध प्रकट करने के वे ऐसे तरीके निकालते थे जिनकी कोई कल्पना तक नहीं कर सकता था। नमक सत्याग्रह उनका ऐसा ही एक नायाब तरीका था। दांडी यात्रा के अंत में मुट्ठी भर नमक बनाते हुए उन्होंने यह कहा था कि इसके द्वारा मैंने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी है।

-एल.एस. हरदेनिया

# क्यों बनीं गाय महाराष्ट्र की राजमाता..?

आप मानें या न मानें लेकिन मुझे ये लग रहा है कि देश के तमाम चौपाये गाय की किस्मत से जल-भुन रहे होंगे,क्योंकि उसे महाराष्ट्र की सरकार ने राजमाता घोषित कर दिया है । राजमाता कहिये या राज्य माता अर्थ एक ही है। ये सम्मान पाने के लिए पुराने सामंतों परिवारों की महिलाएं तरस जाया करतीं थीं । पशुओं में तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कलिकाल में जाकर गाय किसी राज्य की राजमाता बन जाएगी। मै देश-दुनिया के तमाम चौपाया परिवार की और से गाव को इस सम्मान के लिए दिल से बधाई देता हूँ।

गाय देश का सबसे निरीह चौपाया है ,लेकिन भारतीय समाज में गाय को माता का दर्जा हासिल है तो एक बड़े हिस्से में उसके मांस को बड़ी लज्जत के साथ भक्षण भी किया जाता है। सनातनी तो गाय की पूंछ पकड़ कर वैतरणी पार करने का यकीन रखते हैं। पहले ये विश्वास मनुष्यों तक सीमित था लेकिन अब सियासत में भी सियासी दल चुनावी वैतरणी पार करने के लिए गाय को ठीक उसी तरह राजमाता बना रहे हैं जैसे की गधे को वक्त पड़ने पर बाप बनाया जाता है।

वैसे गाय और गधे की राशि एक ही है किन्तु दोनों के बीच लोई तुलना ,कोई बराबरी नहीं है। गाय को माता बनाया जाता है और गधे को बाप। ये सिद्धांत मेरे या आपके नहीं बल्कि भारतीय समाज के हैं। ये मानयताएं भी सनातन ही समझिये। जबसे मनुष्य ने गाय और गधे को अपना सहचर बनाया है शायद तभी से ये मान्यताएं,ये कहावतें समाज में प्रचलित हैं। अब यदि ये प्रचलित हैं तो निश्चित ही इनका कोई आधार भी रहा होगा। फ़िलहाल बात गाय की हो रही है।गाय और गधे में केवल एक ही समानता है की दोनों बड़े ही धैर्यवान हैं। हालाँकि दोनों को लात मारना आता है।

गाय पर हमारे पुरखा पत्रकार स्वर्गीय राजेंद्र माथुर ने भी लिखा और साथी गिरीश पंकज ने भी। महात्मा गाँधी ने गाय के बजाय बकरी को प्राथमिकता दी ,लेकिन उनकी कांग्रेस ने गाय को ही नहीं उसके बछड़े को और उसके पति बैल को भी सम्मान दिय। एक जमाना था जब कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी होता था और बाद में ये गाय-बछड़ा भी बना। इस सात्विक चौपाये ने कांग्रेस की हमेशा मदद की। कांग्रेस को अनेक बार चुनावी वैतरणी पार करायीं। कांग्रेस को हुए फायदे को देखकर अब महाराष्ट्र सरकार ने गाय को अपने सूबे की राजमाता घोषित कर दिया। महाराष्ट्र में इस मर्तबा भाजपा की हालत पतली है। नवंबर में वहां विधानसभा के चुनाव होना हैं। ये चुनाव केवल कमल दिखाकर जीते नहीं जा सकते । किसी चेहरे को दिखाकर भी बात बनती नहीं दिखाई दे रही है ,ऐसे में गाय ही भाजपा और उसकी गठबंधन सरकार का एक मात्र सहारा है।

गाय सबका सहारा होती है । जब हम सब छात्र हुया करते थे तब गाय हमारा भी सहारा थी। परीक्षा में हर बार गाय पर निबंध लिखने का विकल्प होता था और हम बच्चे किसी और विषय पर निबंध लिखने के बजाय गाय पर निबंध लिखना पसंद करते थे। गाय केवल एक पशु ही नहीं बल्कि हमारी मान्यता भी है । हमारे समाज में गाय को सबसे सीधा चौपाया माना जाता है। उसके इसी स्वभाव की वजह से कहावत तक बन गयी । हमारे यहां अक्सर सीधे पुरुष और महिला को गाय ही कहा जाता है । कृषि प्रधान देश में एक जमाने में गाय को सचमुच राजमाताओं जैसा सम्मान मिलता था ,क्योंकि वे कृषि के लिए बैल जनती थीं। उस जमाने में जिस किसान के घर जितनी ज्यादा गायें और जितनी ज्यादा बैल जोड़ियां होतीं थीं,उसे उतना समृद्ध माना जाता था। घर-घर में गौशालाएं थीं। तब गायों को सड़कों पर गलियों में आवारगी करने की न छूट थी और न मजबूरी। कालांतर में भारत कृषि प्रधान देश तो है किन्तु आज न किसानों का सम्मान है और न गायों का। अब खेती बैलों की जोड़ियों से नहीं मशीनों से होती है । बैलों की जगह ट्रेक्टरों ने ले ली है। कटाई मजदूरों के पेट पर हार्वेस्टर लात मार चुके हैं। ऐसे में गायों और बैलों का बेरोजगार और महत्वहीन होना स्वाभाविक है। अब गाय और बैल पाले कौन ? आज कि समय में तो आदमी के लिए अपना पेट पालना ही मुश्किल हो रहा है । 85 करोड़ लोग पेट पालने कि लिए सरकार पर निर्भर हैं। सरकार अपने वोटर पाले या गाय ? यहां तक कि गाय को राजमाता का सम्मान देने वाले भाजपा के कार्यकर्ता और नेता तक गाय या बैल नहीं पालते । उन्हें या तो आवारगी के लिए सड़कों पर छोड़ दिया जाता है ,या वे कत्लगाहों के काम आते है। जहाँ उनके मांस को डिब्बों में बंद कर बाजारों में बेच दिया जाता है। आप हैरान होंगे कि गाय-बैल का मांस बेचने वाले विधर्मी नहीं बल्कि सनातन धर्म के मानने वाले ही हैं। महाराष्ट्र सरकार ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दे दिया है। यह बड़ा कदम चुनाव से पहले उठाया गया है। सरकार ने कैबिनेट बैठक में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता रही है। यह फैसला जारी करते हुए कहा गया कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा,पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई है। हम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस फैसले कि लिए बधाई देते हैं। हमें उम्मीद है कि देश में मणिपुर की जनता बचे या न बचे लेकिन अब महाराष्ट्र में तो गाय बच ही जाएगी । देश के जिन राज्यों में डबल इंजिन की सरकारें हैं वे भी आज नहीं तो कल गाय को राजमाता का दर्जा दे ही देंगीं। भारत को कोई भी नागरिक,कोई भी मतदाता गाय को दिए गए इस सम्मान का विरोध नहीं कर सकता। करना भी नहीं चाहिए । आखिर गौशालाओं कि नाम पर पलने वाले नेता और बाबा भी तो बहुत हैं। देश भले ही मंगल ग्रह पर पहुंच गया हो लेकिन विकास की हकीकत ये है कि आज भी सड़क परिवहन का एक बड़ा भाग आज भी बैलगाड़ी पर निर्भर है। देहाती ईंधन का अधिकांश भाग तथा शहरी ईंधन का लगभग 20 प्रतिशत भाग गोबर का होता है। गौ-दुग्ध में समस्त पोषक तत्व पाए जाते हैं। हरिजनों, पिछड़े वर्ग के लोगों और वनवासियों की आय का साधन भी गौ-वंश है। गाय से प्राप्त ऊर्जा पर्यावरण प्रदूषण फैलाने की जगह उसे रोकती है तथा दुग्ध पाउडर व रासायनिक खादों के रूप में देश से बाहर जाने वाली देशी मुद्रा की बचत करती। गाय केवल सियासत कि ही नहीं धार्मिक नेताओं कि काम भी आती है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती हिंदुओं के लिए पूज्य गायों की रक्षा के लिए देशभर में एक लाख 'गौ ध्वज' स्थापित करने कि अभियान में लग गए हैं।हमारे प्रधानमंत्री जी को आपने हाल में ही एक बछिया को किस [चुम्मा] करते हुए देखा ही होगा। सरकारी आंकड़ों कि मुताबिक इस समय देश में गायों की संख्या 19 करोड़ से ज्यादा है। एक समय था, जब देश की जनसंख्या 38 करोड़ हुआ करती थी और गौ वंश 117 करोड़ हुआ करता था। आंकड़े बताते हैं कि बीफ एक्सपोर्ट में भारत अब विश्व में दूसरे नंबर पर पहुँच गया है। भारत 'मिथुन' और 'जलीय भैंस' का निर्यात कर रहा है। सन 2023 में भारत ने 1,475 टन बीफ और बछड़े का मांस एक्सपोर्ट किया है। खैर जो है सो है। अब यदि राजमाता बनने कि बाद हमारी गायों को राजमाताओं जैसा सुख भी मिलने लगे तो सबसे ज्यादा खुशी मुझे होगी। क्योंकि मुझे भी गाय बहुत पसंद ह। मै यदि फ्लैट में न रह रहा होता तो एक गाय जरूर पालता।

- राकेश अचल

# 'वाइपर' मिशन और भारत के लिए सबक

जुलाई में, नासा ने चंद्रमा के लिए अपने 'वोलाटाइल्स इन्वेस्टीगेटिंग पोलर एक्सप्लोरेशन रोवर' (वाइपर) मिशन को विकास में देरी और लागत में भारी वृद्धि के बाद रद्द कर दिया। तब तक उसके इंजीनियरों ने इसे पूरी तरह असेंबल कर लिया था और कुछ परीक्षण भी कर लिये थे, लेकिन नासा अपने फैसले पर अड़ा रहा। अचानक लिये गये इस फैसले से वैज्ञानिकों को भारी निराशा हुई। वाइपर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में जलीय बर्फ का वितरण और जिन मिट्टियों में यह पायी गयी उसे, तीन महीने में, मानचित्रित करने के लिए डिजाइन किया गया था। कुल मिलाकर, गोल्फ-कार्ट के आकार का रोवर एक स्पेसएक्स फॉल्कन हैवी रॉकेट से प्रक्षेपित किया जाना था और एस्ट्रोबोटिक के 'ग्रिफिन' लैंडर का इस्तेमाल कर उसे अपने काम पर तैनात किया जाना था। यह सब नासा के कॉमर्शियल लूनर पेलोड सर्विसेज कार्यक्रम के जरिए प्रबंधित होना था। चंद्रमा पर उतरना एक महंगी और समय-खपाऊ कवायद है। वाइपर को उसके अंतिम चरण में रद्द करने के नासा के फैसले ने 'विज्ञान, अंतरिक्ष, और तकनीक पर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की समिति' और उस व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खींचा है, जो वाइपर की गैरमौजूदगी में चीन के लगातार जटिल हो रहे चंद्र कार्यक्रम के लिए अग्रणी बनने का अवसर देखता है। चंद्रमा के लिए दुनिया की यह दौड़ संभवत- महत्वपूर्ण वाणिज्यिक और भूराजनीतिक फायदों के द्वार खोलती है। वाइपर के अमेरिकी अगुवाई वाली उस'लूनर एक्सिस'(आर्टेमिस एकॉर्ड्स द्वारा परिभाषित) का केंद्रीय घटक बनने की उम्मीद थी, जो भारत को उसके नेतृत्वकर्ताओं में शुमार करती है। फिर भी, भारत ने एक मौका उस वक्त गंवा दिया जब, 18 सितंबर को, केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें देश के चंद्र कार्यक्रम का दूसरा चरण, सैंपल-वापसी अभियान, चंद्रयान-4 के साथ शुरू करने की बात कही गयी थी। पिछले 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 लैंडर उतरने के चंद पलों बाद ही, यह दावा करने वाली खबरें आयीं कि भारत ने एक बार फिर खुद को उन देशों के एक छोटे व विशिष्ट समूह में शामिल कर लिया है जिन्होंने चंद्रमा पर ऑटोनोमस सॉफ्ट-लैंडिंग हासिल कर ली है। लेकिन ऐसे दावे अभियान संचालन के दृष्टिकोण से इन देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच बड़े अंतर की अनदेखी करते हैं। इस बारे में प्रासंगिक एक अंतर यह है कि इसरो एक साथ कई बड़े अभियानों को क्रियान्वित करने में अक्षम है। इसके बजाय, वह 'एक समय में एक बड़ा अभियान' पद्धति का पालन करता है। यह संसाधन उपयोग दक्षता को अधिकतम बनाने के बदले में, संगठन को नये अवसरों पर तेजी से प्रतिक्रिया कर पाने में अक्षम बना देता है। सक्षम रहने की स्थिति में, इसरो उस 'लूनर पोलर एक्सप्लोरर' अभियान के लिए कैबिनेट से मंजूरी मांग सकता था (जिसकी योजना वह जापानी अंतरिक्ष एजेंसी के साथ मिलकर बना रहा है), जिसके तहत चंद्रमा पर रोवर उतार कर वाइपर से अपेक्षित कई बेहद अहम कार्य पूरे किये जा सकते थे, खासकर बड़े जलीय बर्फ भंडारों का पता लगाने का।

# सोनम वांगचुक की हिरासत पर गरमाई सियासत, पीएम पर हमलावर हुआ विपक्ष

नई दिल्ली। लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर राजधानी दिल्ली तक मार्च करने वाले जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित लद्दाख के करीब 120 लोगों को दिल्ली पुलिस ने शहर की सीमा पर हिरासत में ले लिया है। इससे सुबह सुबह आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल आग बबूला हो गए और उन्होंने में गुस्से में यहां तक कह दिया कि ये देश किसी की बपौती नहीं है। इसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सोनम वांगचुक और सैकड़ों लद्दाखियों को हिरासत में लेना स्वीकार नहीं किया जा सकता, जो पर्यावरण और संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे थे।उन्होंने गिरफ्तारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आगे कहा, लद्दाख के भविष्य के लिए खड़े होने के लिए बुजुर्ग नागरिकों को दिल्ली की सीमा पर क्यों हिरासत में लिया जा रहा है? मोदी, जैसा किसानों के साथ हुआ था, यह चक्रव्यूह टूटेगा, और आपका अहंकार भी। आपको लद्दाख की आवाज सुननी होगी।



दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार वांगचुक समेत हिरासत में लिए गए लोगों को अलीपुर और शहर की सीमा से लगे अन्य पुलिस थानों में ले जाया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि दिल्ली की सीमाओं पर धारा 163 बीएनएस लागू कर दी गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वांगचुक और अन्य लोग सीमा पर रात बिताना चाहते थे। दिल्ली में निषेधाज्ञा लागू होने के कारण उन्हें पहले वापस जाने के लिए कहा गया, लेकिन जब वे नहीं रुके तो सीमा पर पहले से तैनात पुलिसकर्मियों ने वांगचुक समेत करीब 120 लोगों को हिरासत में ले लिया। वांगचुक और उनके समर्थकों को सोमवार रात को सिंघु बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया। वांगचुक और उनके समर्थक, केंद्र सरकार से लद्दाख के नेताओं के साथ उनकी मांगों पर बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह करने के लिए लेह से नई दिल्ली तक पदयात्रा पर थे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी गिरफ्तारी के बारे में बताया। उन्होंने लिखा, मुझे हिरासत में लिया जा रहा है कि दिल्ली बॉर्डर पर 150 पदयात्रियों के साथ, सैकड़ों की पुलिस फोर्स द्वारा। हमारे साथ कई बुजुर्ग, महिलाएं हैं। हमें नहीं पता क्या होगा। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में, लोकतंत्र की जननी।।। बापू की समाधि तक सबसे शांतिपूर्ण मार्च पर थे।।। हे राम! लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों को हिरासत में लिए जाने की निंदा की है। उन्होंने इसे अस्वीकार्य बताया है।

### मिलने पहुंची आतिशी...मिलने नहीं देने पर भाजपा पर बरसी

दिल्ली की सीएम आतिशी सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने बवाना पुलिस स्टेशन पहुंचीं। हालांकि, आतिशी का दावा है कि वांगचुक से उन्हें मिलने नहीं दिया गया है। आतिशी ने कहा कि लद्दाख के लोग राज्य का दर्जा चाहते हैं। उन्होंन कहा कि बापू की समाधि के दर्शन करने जा रहे वांगचुक और लद्दाख के लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये बीजेपी की तानाशाही है। हम वांगचुक का पूरा समर्थन करते हैं।

आतिशी ने कहा कि लद्दाख में एलजी शासन खत्म होना चाहिए और उसी तरह दिल्ली में भी एलजी शासन खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इन पुलिस अधिकारियों को एलजी साहब का फोन आया होगा कि आतिशी को वांगचुक से मिलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए और दिल्ली को भी पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए।

दिल्ली सीएम ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करने, वोट देने का अधिकार छीनने में कोई कसर नहीं छोड़ती। उन्होंने सवाल किया कि उन्हें क्यों गिरफ्तार किया गया? मुझे उनसे मिलने से क्यों रोका जा रहा है?

# राहुल गांधी आरक्षण विरोधी...खत्म करना चाहते

### भाजपा ने दिल्ली में लगाया पोस्टर

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली के आईटीओ चौराहे पर पोस्टर लगाया है। पोस्टर में लिखा गया है कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। राहुल गांधी आरक्षण विरोधी हैं। पोस्टर में राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयान का हवाला देकर कहा गया है कि वह आरक्षण खत्म करने के बारे में सोच कर रहे हैं। वह नहीं चाहते हैं कि समाज का दबा-कुचला तबका आगे बढ़े।

पोस्टर में कहा गया है कि 2004 से लेकर 2010 तक कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में पिछड़ों का हक मारकर मुस्लिमों को आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त किया, इस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा ने यह पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लगाया है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस का असली चरित्र यही है, कि वह किसी भी कीमत पर आरक्षण को खत्म करना चाहती है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देने वाले है।

बता दें कि अमेरिकी दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छात्रों को संबोधित किया था। तभी राहुल गांधी से पूछा गया था कि भारत में आरक्षण की व्यवस्था कब तक रहेगी। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा था कि हम आरक्षण खत्म करने के बारे में जरूर सोचेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि अभी उचित समय नहीं है। जब उचित समय आएगा, तब हम इस पर निसंदेह विचार विमर्श करुंगा।

राहुल के बयान का भाजपा, बसपा सहित अन्य दलित संगठन ने लोगों के बीच यह निहितार्थ निकालना शुरू किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आएगी, तब वहां दलितों के हितों पर कुठाराघात करते हुए आरक्षण समाप्त कर देगी। इसके बाद राहुल गांधी ने अपने बयान को लेकर सफाई दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बयान का राजनीतिक गलियारों में गलत मतलब निकाला जा रहा है। वह आरक्षण विरोधी नहीं हैं। राहुल गांधी ने कहा, किसी ने मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया कि मैं आरक्षण के खिलाफ हूं, लेकिन मैं साफ कर दूं कि मैं आरक्षण के खिलाफ नहीं हूं। हम आरक्षण को 50 फीसद की सीमा से आगे लेकर जाएंगे।

# तिरोड़ी परख क्वालिटी सर्कल ने फिर रचा इतिहास

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी की परख क्वालिटी सर्कल ने महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर के रामदेव बाबा युनिवर्सिटी में आयोजित 35वें अध्याय समारोह में फिर एक बार इतिहास रच दिया है. इस समारोह में मध्य भारत की 26 कंपनियों की 104 टीमें शामिल हुई थी. जिसमें मॉयल लिमिटेड तिरोड़ी खान की परख क्वालिटी सर्कल ने प्रतिष्ठित सुपर गोल्ड मेडल अवार्ड सहित कुल पांच पुरस्कार हासिल किए. अपनी केस स्टडी डोजर बीडी 30 के रेडियेटर फैन असेंबली के बार-बार खराब होने की समस्या का निराकरण प्रस्तुत करते हुए सुपर गोल्ड मेडल अवार्ड जीता. इसके साथ में क्वालिटी सर्कल पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में दिनेश कनोजे ने प्रथम, स्लोगन प्रतियोगिता में हुबलाल जेठूमल ने प्रथम और अखिलेश कुमार ने द्वितीय और पोस्टर प्रतियोगिता में दिनेश कनोजे को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. परख क्वालिटी सर्कल के मार्गदर्शक समन्वयक आर.यू सिंह, सुविधाकर्ता मनीष ढोके, जी.एस. काकड़े हैं. सम्मेलन में सहायक सुविधाकर्ता संजीव पंडा, टीम लीडर दिनेश कनोजे, डिप्टी टीम लीडर राजू केरकेट्टा और सदस्य अखिलेश कुमार, हुबलाल जेठूमल, तीरथ वर्मा शामिल रहे।




# बिटोड़ी के ग्रामीणों ने विधायक पटेल को सौंपा ज्ञापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत बिटोड़ी के ग्रामीणों ने विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास प्लस की सूची में जरूरतमंद हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बिटोड़ी में पूर्व में प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु आवास निर्माण कार्य किए दिया जा चुका है। वर्तमान में आवास प्लस का लक्ष्य प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्राप्त हुआ है जिसमें पूर्व में दिए गए आवास प्लस के नाम पोर्टल सूची से काट दिए गए हैं। शेष बचे नाम की सूची में से भी ऊपर के आदेश अनुसार सीरियल क्रमांक १ से लक्ष्य अनुसार प्राथमिकता क्रम में आवास निर्माण हेतु राशि प्रदान की जा रही है। जिसके कारण जरूरतमंद को छोड़ दिया जा रहा है अर्थात वह योजना से वंचित हो रहा है। हम चाहते हैं कि बिटोड़ी एवं अन्य ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन कर जो हितग्राही दूसरों के मकान में किराये से रह रहे हैं। जिनके मकान टूट गया है या आर्थिक दृष्टि से वह गरीब है उन्हें प्राथमिकता के तौर पर योजना का लाभ दिया जाना चाहिए।

# जेएसटी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने गोद ग्राम बोदा में किया श्रमदान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने मंगलवार को गोद ग्राम बोदा में श्रमदान किया गया।शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक मंगलवार को गोद ग्राम पंचायत बोदा में जाकर साफ सफाई की। जिसमें उन्होंने गांव में अत्यधिक मात्रा में पॉलिथीन, पाउच और पन्नी का संग्रहण किया। स्वयं सेवकों ने पांच समूहों में विभाजित होकर ग्राम के अलग अलग हिस्सों में



जाकर स्वच्छता के नारे लगाते हुए ग्रामीण जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश अगासे एवं डॉ. रानू राहंगडाले ने किया।

### रामचंद्र झा मर्डर केस में हाईकोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

# सात आरोपियों को दी गई उम्रकैद की सजा को किया निरस्त

पटना। पटना के मशहूर मार्बल कारोबारी रामचंद्र झा की हत्या मामले में हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा के फैसले को निरस्त कर दिया है। निचली अदालत ने सात आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। यह सुनवाई जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने की। इस मामले पर सुनवाई के बाद खंडपीठ ने अपने फैसले को 11 सितंबर 2024 तक सुरक्षित रखा था। इस फैसले ने न केवल आरोपियों की न्यायिक स्थिति को प्रभावित किया है, बल्कि यह मामले में आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

बता दें यह घटना 12 सितंबर 2016 की है, जब रामचंद्र झा रात 8 बजे अपनी बाइक से घर जा रहे थे। उन्हें मिथिला कॉलोनी मोड़ पर रोककर रंजीत कुमार, रंजन कुमार, संतोष कुमार, भोला कुमार, सुकेश कुमार और रोहित कुमार ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। यह हत्या न केवल पटना में बल्कि पूरे बिहार में चर्चा का विषय बनी थी। इस मामले की सुनवाई में तात्कालिक सुरक्षा, सबूतों की प्रमाणिकता और न्यायिक प्रक्रिया पर चर्चा की गई। अब जब हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया है, तो यह संभावित रूप से आरोपियों के लिए राहत है। इस फैसले के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कैसे आगे बढ़ती है और क्या नए सबूत सामने आते हैं।

# शा. मा. शाला कुण्डा मोहगाव मे सेवानिवृति विदाई समारोह

हट्टा (पद्मेश न्यूज)। शा मा शाला कुण्डा मोहगाव मे दिनाक 30/09/24 को डी. एस. सोनकुसरे ( उच्च श्रेणी शिक्षक) और जी. के. रंगारे( उच्च श्रेणी शिक्षक) सेवानिवृति प्रदान की गयी। जिसमे सोनकुसरे सर द्वारा 41 वर्ष तथा श्री रंगारे सर द्वारा 38 वर्ष तक शा मा शाला कुण्डा मोहगाव मे अपनी सेवा प्रदान की गयी। इस समारोह मे सर्वप्रथम मुख्य व विशेष अतिथि द्वारा सरस्वती मा की पूजा अर्चना की और शाला के छात्र छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, रिकॉर्डिंग डांस (निधि व माही द्वारा) किया गया। इस भावभीनी विदाई समारोह के दौरान स्कूल के स्टाफ द्वारा दोनों शिक्षकों का स्वागत किया गया। शाला के प्राचार्य सुरेश गौतम व शाला स्टाफ द्वारा दोनों शि शिक्षको के जीवन चरित्र और कुशल व्यवहार पर प्रकाश डाला गया। और छात्र छात्रों के प्रति मधुर वाणी कुशल व्यवहार समय की पाबंदी अनुशासन की प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम मे मुख्य अथिति के रूप मे शा उ मा विधालय के प्राचार्य सुरेश गौतम, ग्राम पंचायत मोहगाव सरपंच श्रीमती योगिता तरवरे विशेष अथिति, श्रीमती डिलेश्वरी लिल्हारे, शा प्रा शाला व शा मा शाला के शिक्षक शिक्षिकाये, छात्र छात्राएं तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# ग्राम ओरमा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वैजयंती कटरे की उपस्थिति ग्राम पंचायत ओरमा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सर्वप्रथम ग्राम में चौपाल लगाकर स्वच्छता के लिये ग्राम पंचायत का स्थान चयन कर साफ सफाई की गई। वहीं ग्राम में स्वच्छता की शपथ भी ली गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती सुरेखा महेंद्र बनोटे, पूर्व सरपंच श्रीमती प्रमिला कटरे,जन अभियान परिषद के मेंटर श्री निकाश येडे, मालती बिसेन सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# वैश्विक कोविड लॉकडाउन के दौरान...चंद्रमा की सतह में तापमान गिरा

बेंगलुरु। भारतीय शोधकर्ताओं ने पाया है कि 2020 के वैश्विक कोविड लॉकडाउन का चंद्रमा तक गहरा प्रभाव पड़ा था। एक स्टडी से पता चला है कि अप्रैल-मई 2020 के सबसे सख्त लॉकडाउन के दौरान चंद्रमा की सतह के तापमान में असामान्य गिरावट दिखी गई थी।

फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) के के दुर्गा प्रसाद और जी अंबिली ने 2017 और 2023 के बीच चंद्रमा के निकटवर्ती भाग पर छह विभिन्न स्थानों-ओशनस प्रोसेलारम के दो स्थान, मेरे सेरेनिटैटिस, मेयर इम्ब्रियम, मेयर ट्रैंक्विलिटैटिस और मेरे क्रिसियम पर रात्रि के समय सतह के तापमान का विश्लेषण किया। पीआरएल के निदेशक अनिल भारद्वाज ने कहा कि यह हमारे समूह का एक महत्वपूर्ण कार्य है। यह काफी अद्वितीय है।

### कैसे किया ये शोध

नासा के चंद्रयान के आंकड़ों का उपयोग कर शोधकर्ताओं ने पाया कि लॉकडाउन के महीनों में चंद्रमा के तापमान में अन्य वर्षों की तुलना में लगातार 8-10 डिग्री कम (8-10 केल्विन) हो गया था। शोधकर्ता प्रसाद ने बताया कि हमने वास्तव में 12 सालों का डेटा विश्लेषण किया था, लेकिन अध्ययन में



समानता बनाए रखने के लिए हमने सात सालों (2017 से 2023) का डेटा प्रयोग किया, लॉकडाउन वाले साल 2020 से पहले के तीन साल और उसके बाद के तीन साल।

शोधकर्ताओं का मानना है कि लॉकडाउन के दौरान पृथ्वी से निकलने वाली विकिरण में कमी के कारण चंद्रमा के तापमान में गिरावट आई। चूंकि मानवीय गतिविधियों में काफी कमी आई थी, ग्रीनहाउस गैसों और वायुमंडलीय कणों का उत्सर्जन भी कम हो गया, इस कारण पृथ्वी के वायुमंडल में कम गर्मी फैली और वापस निकली।

### तापमान में काफी बदलाव

शोधकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों और वर्षों में तापमान में काफी बदलाव भी देखा। सबसे कम कुल तापमान 2020 में साइट-2 पर 96.2 केल्विन था, जबकि सबसे कम तापमानों में सबसे अधिक 2022 में साइट-1 पर 143.8 केल्विन था। आमतौर पर, 2020 में अधिकांश स्थानों पर सबसे ठंडा तापमान देखा गया, जबकि 2021 और 2022 में जब पृथ्वी पर मानवीय गतिविधियां फिर से शुरू हुईं, तब एक उल्लेखनीय तापमान बढ़ने का रुझान दिखाई दिया।

शोधकर्ता प्रसाद ने समझाया कि चंद्रमा पृथ्वी के विकिरण के चिन्ह का एक प्रवर्धक के रूप में कार्य करता है। इस अनूठी वैश्विक घटना ने हमें यह देखने का एक दुर्लभ मौका प्रदान किया कि पृथ्वी पर मानवीय गतिविधियों में बदलाव हमारे निकटतम खगोलीय पड़ोसी को कैसे प्रभावित कर सकता है। शोध पत्र में लिखा है कि चूंकि कोविड लॉकडाउन के दौरान चंद्रमा के रात्रि के समय सतह के तापमान में असामान्य कमी देखी गई है, इसलिए अन्य संभावित कारकों जैसे सौर गतिविधि और मौसमी प्रवाह विविधता के प्रभावों की भी जांच की गई है।

# एनएसएस बैहर ने कराया रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन




बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। 1 अक्टूबर रक्तदान दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय मॉडल स्कूल, शासकीय कन्या उमावि एवं शासकीय महाविद्यालय बैहर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय शासकीय मॉडल स्कूल बैहर में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीमती श्यामा धालेकर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की ब्लड कलेक्शन टीम भी उपस्थित रही। इस अवसर पर शासकीय मॉडल स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने 14 यूनिट, उत्कृष्ट विद्यालय ने 6 यूनिट, कन्या शाला एवं अरण्य भारती कॉलेज ने 2-2 यूनिट एवं शेष अन्य लोगो ने भी रक्त दान किया। इस तरह कार्यक्रम के दौरान कुल 45 यूनिट का रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार व छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# चुनाव से ठीक पहले तीन शर्तों के साथ जेल से बाहर आएगा राम रहीम

चंडीगढ़। दो शिष्यों के साथ बलात्कार के मामले में डेरा मुखी गुरमीत राम रहीम 20 साल की सजा काट रहा है। अब हरियाणा में चुनाव हैं इसी बीच खबर आ रही है कि 20 दिन की पैरोल पर राम रहीम जेल से बाहर आएगा। लेकिन चुनाव आयोग ने तीन शर्तों के साथ जेल से बाहर आने की अनुमति दी है।पहली शर्त राम रहीम हरियाणा में अलग-अलग जगह नहीं घूमेंगे, दूसरी किसी के लिए चुनाव प्रचार नहीं करेंगे, तीसरी और आखिरी सोशल मीडिया के जरिए भी कोई अपील नहीं करेंगे। बताते चलें राम रहीम ने 20 दिन की पैरोल के लिए राम रहीम ने आवेदन किया है। अब हरियाणा सरकार को पैरोल मंजूर कर फैसला लेना है। राम रहीम दो शिष्यों के बलात्कार के लिए 20 साल की सजा काट रहा है।



जानकारी के अनुसार, इससे पहले 13 अगस्त को हाईकोर्ट ने मंजूरी दी थी। राम रहीम को सजा के दौरान 10 बार पैरोल मिल चुकी है। वहीं अब 11वीं बार वह पैरोल पर बाहर आ रहा है। वहीं राम रहीम पहली बार साल 2020 में 24 अक्टूबर को 1 दिन के पैरोल पर बाहर आया था। राम रहीम ने इस बार 20 दिन की पैरोल मांगी है। आचार संहिता के कारण राज्य सरकार ने राम रहीम के निवेदन को मुख्य चुनाव अधिकारी के पास भेज दिया है। दरअसल, पैरोल भी फरलो की तरह ही एक छुट्टी है, जिसमें किसी खास कारण से कैदी को जेल से बाहर आने की इजाजत मिलती है। वहीं अंडरट्रायल कैदियों की स्थिति में भी मिल जाती है। कैदी को एक खास वजह बतानी होती है कि आपको बाहर क्यों जाना है। किसी कैदी के परिवार में अगर किसी की मौत हो जाती है या मेडिकल कारणों को लेकर पैरोल दी जाती है। बताते चलें पैरोल दो तरह की होती हैं। एक कस्टडी पैरोल है और दूसरी रेगुलर पैरोल।

### सिद्धारमैया की पत्नी ने लौटाए 14 प्लॉट, भाजपा ने मांगा इस्तीफा

बेंगलुरु(ईएमएस)। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन घोटाले में फंसे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी ने चिट्ठी लिखकर मैसूर के पॉश इलाके विजयनगर में आवंटित 14 प्लॉट्स को वापस करने की पेशकश की थी। अब इस मामले में सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि मेरा रुख हमेशा अन्याय के खिलाफ बिना झुके लड़ने का रहा है। हालांकि मेरी पत्नी, जो मेरे खिलाफ चल रही राजनीतिक साजिश से व्यथित हैं, उन्होंने इन प्लॉट्स को वापस करने का फैसला लिया है, जिससे मैं हैरान हूं।सीएम ने कहा कि मेरे चार दशकों के लंबे राजनीतिक जीवन में मेरी पत्नी, जो हमेशा परिवार तक ही सीमित रहीं और कभी हस्तक्षेप नहीं किया, अब मेरे खिलाफ नफरत से प्रेरित राजनीति के कारण मानसिक रूप से व्यथित है, जो मुझे दुखी करता है। फिर भी मैं अपनी पत्नी द्वारा इन प्लॉट्स को वापस करने के फैसले का सम्मान करता हूं।

सिद्धारमैया की पत्नी ने अपने पत्र में लिखा कि मैं मैसूर में मुडा साजिश से जुड़े आरोपों से बहुत आहत हूं। मेरे भाई बाबू को पारिवारिक विरासत के रूप में मिले प्लॉट इतना हंगामा खड़ा कर देंगे, ये मैंने कभी नहीं सोचा था। इस मुद्दे के कारण मेरे पति पर गलत आरोप लग सकते हैं। मेरे लिए, कोई भी घर, प्लॉट या संपत्ति मेरे पति के सम्मान, गरिमा और मन की शांति से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है।

# पत्नी से जबरन यौन संबंध बनाने वाला पति कहने लगा बहनजी बहनजी

### कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश

रांची। डर कहें या शातिराना अंदाज,जो भी हो लेकिन एक पति अपनी पत्नी को बहनजी बहनजी कहकर बुलाने लगे तो मामला गंभीर ही होगा। दरअसल पत्नी से उसकी मर्जी के खिलाफ यौन संबंध बनाने वाला पति रणधीर वर्मा अपनी पत्नी को बहन-बहन कहकर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की थी। ताकि उसे राहत मिल सके। बता दें कि झारखंड में पत्नी की इच्छा के विरुद्ध जबरन यौन संबंध बनाने से जुड़े 9 साल पुराने मामले में दोषी करार पति रणधीर वर्मा को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने 25 सितंबर को उक्त आरोप में दोषी पाया था। अभियुक्त को दोषी पाए जाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया था। मामले को लेकर पीड़िता ने कोतवाली थाना में अप्रैल 2015 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने अदालत के समक्ष ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किया था। वहीं, अभियुक्त रणधीर वर्मा के खिलाफ उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सुखदेव नगर थाना में 2 जून 2016 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में भी अदालत ने उसे दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है।



# वरिष्ठ पत्रकार गुलाब पांडे का हुआ आकस्मिक निधन

लामता (पद्मेश न्यूज)। लामता नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं वरिष्ठ पत्रकार गुलाब पांडे का 30 सितंबर की मध्य रात्रि 11.30 बजे अचानक हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया,आपके निधन की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई,आपका अंतिम संस्कार 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे स्थानीय मोक्ष धाम में किया गया,गुलाब पांडे जी के निधन पर सरपंच हुलासमल कोचर एवं पत्रकार संघ लामता ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।



# जनसुनवाई की व्यवस्थाओं में कलेक्टर ने की सराहनीय पहल

## ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए बैठने की करवाई व्यवस्था, फिर लग रही आवेदकों की भीड़

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर कार्यालय में लगने वाली जनसुनवाई की व्यवस्थाओं में कुछ नये परिवर्तन कलेक्टर के द्वारा किया गया है जहां पहले जिले भर से अपनी समस्या लेकर आने वाले ग्रामीणों को कलेक्टर परिसर में खड़े रहना पड़ता था, जिनके लिए अब कलेक्टर परिसर में बैठक व्यवस्था बनाते हुए कुर्सियां लगाई जा रही है और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्या पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाए। आपको बता दे कि सप्ताह के हर मंगलवार कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया जाता था और जिले भर के ग्रामीण अपनी अपनी समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचते थे और अपना नंबर आते तक कलेक्टर कार्यालय के परिसर में इधर से उधर खड़े रहते थे या कुछ लोग जमीन पर ही बैठ जाते थे, किंतु नए आए कलेक्टर द्वारा इन सब व्यवस्थाओं को ठीक करते हुए दूर-दराज से आने वाले लोगों के लिए कलेक्टर परिसर में बैठक व्यवस्था बनाते हुए कुर्सियां लगाई गई है जहां ग्रामीण आकर अपने नंबर आने तक कुर्सियों पर बैठकर कुछ समय अपना यहां बिताएंगे और उसके बाद ज्ञापन देकर वह अपने घर जाएंगे बता दे कि यह व्यवस्था तत्कालीन कलेक्टर बी चंद्रशेखर के





समय देखने को मिली थी और उस समय जिस प्रकार का जमावड़ा जनसुनवाई में दिखाई देता था वही जमावड़ा अब नए आए कलेक्टर मीणा के समय हुई व्यवस्थाओं के बदलाव और समस्याओं के सुनवाई के बाद अब कलेक्टर कार्यालय में भी अधिक से अधिक लोग अपनी समस्या लेकर आ रहे हैं।

### बैठक व्यवस्था के साथ पानी की भी की जा रही मांग

ग्रामीण अंचलों से पहुंचे लोगों द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर की सराहना की और कहा गया कि निश्चित ही इस प्रकार की व्यवस्था कलेक्टर कार्यालय में होनी चाहिए और जिस प्रकार कलेक्टर द्वारा लोगों के लिए यहां बैठक व्यवस्था की गई है उसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय में पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था भी की जानी चाहिए जबकि कलेक्टर परिसर के गेट के सामने एक आरो मशीन लगी है पर वह इन दिनों काम नहीं कर रही है जिसे भी सुधार की मांग लोगों द्वारा की गई है।

### जनसुनवाई में ग्रामीणों की बढ़ रही भीड़

जिस प्रकार से इसके पहले जनसुनवाई लगती थी पर उतने अधिक लोग अपनी समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय नहीं पहुंच रहे थे, किंतु नए आए कलेक्टर के द्वारा जिस प्रकार से आमजन की समस्या को सुना और समझा जा रहा है उसके बाद लोगों का रुझान जनसुनवाई की ओर बढ़ता जा रहा है और धीरे-धीरे अब जनसुनवाई के दौरान अधिक से अधिक लोग अपनी समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच रहे हैं।

## छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई में न आना पड़े ऐसे प्रयास करें-कलेक्टर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना ने जनसुनवाई करते हुए सभी विभागों से कहा कि छोटी-छोटी शिकायतों के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई में नागरिको को न आना पड़े। ऐसी कार्य की दक्षता रखें। उन्होंने यह निर्देश शिक्षा विभाग और खैरलांजी तहसील से सम्बंधित आवेदन प्राप्त होने पर दिए। शिक्षा विभाग के सम्बंध में सतीशचंद दुबे विश्राम अवकाश के देयकों के भुगतान के लिए जनसुनवाई में पहुँचे थे। इसी तरह अन्य दो आवेदक भी छोटी-छोटी समस्या या मांग को लेकर आवेदन दिए थे। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने विभाग की स्थापना शाखा के कार्यो को व्यवस्थित करने के भी जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय को निर्देश दिए है। इसी तरह खैरलांजी तहसील में सरकारी भूमि व स्कूल में अतिक्रमण हटाने के लिए सरपंच के आवेदन के सम्बंध में वीसी से जुड़े तहसीलदार से नाराजगी व्यक्त करते हुए। आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए है। तहसीलदार द्वारा बताया गया कि ऑर्डर किया गया है। इस बात पर कलेक्टर श्री मीना ने तहसीलदार से ऑर्डर की कॉपी भी मांगी। जनसुनवाई में 160 आवेदन प्राप्त हुए।

# कलेक्टर ने वृद्धजनों को शॉल ओड़ाकर श्रीफल देकर लिया आशीर्वाद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर नगर के



भटेरा स्थित वृद्धाश्रम पहुँचकर वृद्धजनो का आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां रह रहे वृद्धजनों को शॉल ओड़ाते हुए श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया। ज्ञात हो कि 1 अक्टूबर को प्रति वर्ष अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। आज सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में बेसहारा वृद्धा आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भटेरा के वृद्धाश्रम में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सबसे पहले वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वृद्धजनों को मिलने वाली ठहरने की व्यवस्थाएं, भोजन, स्वास्थ्य जैसी अति आवश्यवक सुविधाओ की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वृद्धजनों के साथ मिलकर केक काटा। इस दौरान वृद्ध महिला ने कलेकटर श्री मीना एवं एसडीएम श्री सोनी को अपने हाथो से केक खिलाया। कलेक्टर मृणाल मीना ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को जो सम्मान और आदर दिया गया उसे सहेजकर रखने की जरूरत है। कलेक्टर श्री मीना ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी अपने माता पिता को उनका अधिकार नही देता और अपने कर्तव्य का पालन नही करता ऐसे लोगो पर कार्यवाही करें। ऐसे परिवार जहां पर वृद्धजनो का सम्मान नही होता, वृद्ध माता पिता की सही देखरेख नही होती उन पर कार्यवाही करना अनिवार्य है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीइओ अभिषेक सराफ, एसडीएम गोपाल सोनी, सामाजिक न्याय विभाग की नुपूर, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती फिरोजा खान, श्री भैरम, भारत सरकार के राष्ट्रीय नशा मुक्ति पुनर्वास सलाहकार धनेंद्र हनवत, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अनीता हनवत सहित नशा मुक्ति अभियान संगठन के कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## 137 अधिकारी आज करेंगे 136 छात्रवासों आश्रमों का निरीक्षण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में जिले में संचालित जनजातीय छात्रावासों व आश्रमो में विद्यार्थियों की सुविधाओं साफ सफाई, शारिरिक स्वास्थ्य, भोजन आदि के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में जनजाति कार्य विभाग द्वारा जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने के लिए आदेश निकाला गया है। निरीक्षण के लिए 137 अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। ये निरीक्षणकर्ता अधिकारी 2 अक्टूबर को समस्त जनजातीय छात्रावासों में भ्रमण व निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

# कोतवाली पुलिस ने हत्या के आरोपियों का निकाला जुलूस

## घटना स्थल पर ले जाने के बाद जुलूस के साथ लोगों का लगा हुजूम

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कोतवाली पुलिस द्वारा स्थानीय बस स्टैंड के पेट्रोल पंप के पास हुई हत्या के आरोपियों का जुलूस निकाला गया, आरोपियों का जुलूस कोतवाली के रास्ते अंबेडकर चौक होते हुए काली पुतली चौक से स्थानीय बस स्टैंड के शास्त्री पेट्रोल पंप पहुंचा, जहां लोग इन आरोपियों को देखने के लिए पुलिस के साथ-साथ जुलूस के पीछे-पीछे चलने लगे और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुलूस के पीछे-पीछे चलती रही, वहीं बस स्टैंड में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों द्वारा चल रही भीड़ को हटाया गया और आरोपियों को मेडिकल करवाने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। आपको बता दे कि 29 सितम्बर को लगभग 11.30 बजे रात्रि में अवन्तीबाई चौक शास्त्री पेट्रोल पंप बसस्टैंड के पास निशांत उर्फ मोनू सोनी निवासी भटेरा रोड द्वारा पुरानी रंजिश के कारण आरोपी राजेश चामलाटे ने अपने 03 अन्य साथियों के साथ मिलकर चाकू से प्राणघातक हमला कर हत्या कर दिया था, जिस पर पुलिस द्वारा पृथक पृथक टीम गठित कर रवाना की गई। घटना के चश्मदीद साक्षी विशाल परते पिता लक्ष्मण परते की रिपोर्ट पर आरोपी राजेश चामलाटे, तनवीर शेख, अंकित चामलाटे एवं कुलदीप हरिनखेडे उर्फ रजा के विरूद्ध थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 459/24 धारा 103 (1) 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण हत्या जैसे गंभीर एवं सनसनीखेज प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) ने



घटना कारित कर फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली सतीश साहू के मार्ग दर्शन में जिले के सभी सीमावर्ती थानों मे नाकेबंदी कर फरार आरोपियों की तलाश हेतु निर्देशित किया गया। थाना कोतवाली की गठित चार पुलिस टीमों को तत्काल आरोपियों की तलाश हेतु अलग अलग दिशाओं मे रवाना किया गया। जो 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसमें पुलिस द्वारा हत्या का खुलासा करते हुए बताया गया था कि पूरा मामला पुरानी रंजिश से लगा हुआ था और बताया जा रहा था कि दोनों अलग-अलग निजी बस कंपनी के एजेंट थे और दोनों में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हुआ था और मारपीट के बाद यह पूरा मामला 29 सितम्बर को चाकू बाजी के बाद मोनू की मौत हो गई थी जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाई करते हुए 1 अक्टूबर को सभी आरोपियों का कोतवाली थाने से जुलूस निकाला गया, जहां कोतवाली पुलिस द्वारा अंबेडकर चौक, कालीपुतली चौक से लेकर अवंती बाई चौक बस स्टैंड में पैदल लेकर आया गया एवं यहां घटना स्थल पर घटना की जानकारी लेने के बाद सभी आरोपियों को पैदल अस्पताल मेडिकल के लिए ले जाया गया और उसके बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### आरोपियों का जुलूस देखने जनता का लगा हुजूम

जैसे ही पुलिस द्वारा कोतवाली थाने से सभी आरोपियों का जुलूस निकाला गया वैसे ही चौक, चौराहों पर आम जनता की भीड़ लगना शुरू हो गई और सभी अपने वाहन खड़े कर जुलूस को देखने लगे तो कुछ लोग इस पूरे दृश्यों को अपने मोबाइल में कैद करते जा रहे थे वही जुलूस जैसे ही काली पुतली चौक से स्थानीय बस स्टैंड पहुंचा उसके बाद देखते ही देखते लोगों का हुजूम लग गया और सभी लोग जुलूस के पीछे-पीछे बस स्टैंड तक पहुंच गए तभी पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पीछे आ रहे लोगों को हटाया गया।

# बीमारी से परेशान एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बोरखेड़ा के बैगा टोला में इसी ग्राम के रहने वाले व्यक्ति मुकेश पिता अंतराम मरकाम 27 वर्ष ने बीमारी से परेशान होकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 29 सितंबर की शाम 6 बजे इस व्यक्ति ने आत्महत्या उस समय की जब उसकी पत्नी और बच्चे बाहर गई हुई थे। बिरसा पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश मरकाम 6 भाई और दो बहन है सभी लोग अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं। मुकेश मरकाम के माता-पिता उसके बड़े भाई सुरेश मकान के साथ में रहते हैं। 3 महीने पहले मुकेश मरकाम भेड़ चराने के लिए महाराष्ट्र तरफ गया था। 15 दिन पहले वह अपने घर आया था। घर में अकेला था उसकी पत्नी और बच्चे बाहर काम करने गए हुए थे। मुकेश मरकाम जब घर आया तो वह काफी बीमार था उस कौन सी बीमारी थी पता नहीं चला और उसने अपने बड़े भाई सुरेश मरकाम को बताया था कि महाराष्ट्र में भी मैंने अपनी बीमारी का इलाज करवाया हूं फिर भी मेरी तबीयत ठीक नहीं है। मुकेश मरकाम लगातार दवाई गोली खा रहा था। 29 सितंबर के शाम 6 बजे सुरेश मरकाम जब बिरसा से अपने घर आया और तब उसने अपने भाई मुकेश मरकाम के घर के सामने का दरवाजा लगा हुआ देखा तब उसने आवाज लगाया अंदर से आवाज नहीं आई तब सुरेश मरकाम दरवाजा धकेल कर अंदर गया। देख उसका भाई मुकेश मरकाम लकड़ी के म्याल में गमछा बांधकर लटका हुआ था। उसकी मौत हो चुकी थी। इस संबंध में सुरेश मरकाम ने अपने परिवार वालों के अलावा मोहल्ले पड़ोस वालों को बताया। रात्रि होने से तुरंत रिपोर्ट नहीं हो पाई। 30 सितंबर को सुरेश मरकाम ने अपने गांव वाले और कोटवार राजकुमार कामड़े के साथ बिरसा पुलिस थाना पहुंचकर रिपोर्ट की थी। जहां पर धारा 194 नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम किया गया उप निरीक्षक शिवलाल परते ने ग्राम बोरखेड़ा पहुंचकर मृतक मुकेश मरकाम का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि मुकेश मरकाम ने बीमारी से परेशान होकर के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आगे मर्ग जांच उप निरीक्षक श्री परते द्वारा की जा रही है।

# चलती ट्रेन से गिरने से मजदूर घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास गोंदिया रेलवे लाइन पर चलती ट्रेन से एक मजदूर गिरने से घायल हो गया घायल मजदूर अनिल कुमार पिता कुंवर सिंह टेकाम 27 वर्ष ग्राम नागझोला थाना रूपझर निवासी है जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल कुमार ईटा जुलाई का काम करता है पिछले माह वह काम करने के लिए सिकंदराबाद गया था 29 सितंबर को अनिल कुमार सिकंदराबाद से अपने घर नाग झूल आने के लिए निकला किंतु ट्रेन में अधिक भीड़ होने के कारण वह सिकंदराबाद स्टेशन में ही रुक गया था 30 सितंबर को सुबह 6.30 बजे अनिल कुमार तेलंगाना एक्सप्रेस में बैठकर नागपुर आया और नागपुर से अहमदाबाद हावड़ा एक्सप्रेस में बैठकर गोंदिया आया था 01 अक्टूम्बर को सुबह 9.30 बजे अनिल कुमार गोंदिया से कटंगी ट्रेन में बैठकर बालाघाट आ रहा था बालाघाट रेलवे स्टेशन के पास पहुंच रहा था और ट्रेन के गेट में खड़ा हो गया था नींद की झपकी लगने से अनिल स्टेशन के पास ही चलती ट्रेन से गिर गया जिसके सिर में चोंटे आई पुलिस वालों ने दौड़कर अनिल कुमार को उठा और 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये अत्यधिक चोट नहीं होने के कारण अनिल कुमार अपना घर चला गया।

## आज शहर के मार्गो पर होगा मिलेट्स का रोड शो

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मप्र शासन द्वारा मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स रोड शो आयोजित करने के निर्देश दिए है। इसी निर्देशो पर आज बालाघाट नगर के मुख्य मार्गो से मिलेट्स रोड शो आयोजित किया जाएगा। कृषि उपसंचालक राजेश खोब्रागड़े ने बताया कि प्रात: 11 बजे रोड शो शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय से सांसद श्रीमती भारती पारधी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके बाद अम्बेडकर चौक होकर हनुमान चौक, महाराणा प्रताप चौक, महावीर चौक, कालीपुतली, अंबेडकर चौक से सर्किट हॉउस पर समापन होगा।

# 16 चक्का ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। गोंदिया रोड नवेगांव नाके के पास 16 चक्का ट्रक मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गया इस ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति श्याम किशोर पिता लक्ष्मीदास पड़वार ग्राम मंझारा थाना भरवेली निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम किशोर ड्राइवरी करता हैंम 30 सितंबर शिवरात्रि 8 बजे श्याम किशोर मोटरसाइकिल में नवेगांव नाके से अपने घर मंझारा भरवेली आने निकला था। तभी गोंदिया की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे 16 चक्का ट्रक मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गया। ट्रक की ठोकर से श्याम किशोर का हाथ और पैर फैक्चर हो गए। जिससे जमील खान ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। यह भी बताया गया है कि मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार ट्रक को रजेगांव पुलिस ने पकड़ लिया है। जिला अस्पताल में भर्ती श्याम किशोर को अत्यधिक चोट होने से उसे अन्य अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने श्याम किशोर का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाई हेतु पुलिस थाना ग्रामीण भिजवा दी है।

आवश्यकता है
रेडीमेड कपड़ा शोरूम में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है
• सेल्समेन (वेतन + कमीशन)
• पार्किंग गार्ड (आकर्षक वेतनमान)
BMW बालाघाट मेन्स वेयर
गुजरी चौक, डॉ. खान के पास बालाघाट, मो. 7000959540

आवश्यकता है
चेतक (बजाज) एक्सक्लूसिव सेंटर में
• शोरूम मेनेजर - 01 पद (योग्यता-एम.बी.ए.)
• कम्प्यूटर ऑपरेटर - 02 पद (योग्यता-कम्प्यूटर कार्य में दक्षता)
• टेक्निशियन - 03 पद (योग्यता - आई.टी.आई/पॉलीटेक्निक)
अनुभवी को प्राथमिकता दी जायेगी
साक्षत्कार - दिनांक 03-10-2024
स्थान-बजाज शोरूम, नर्मदा नगर बालाघाट
समय-दोप. 01 से 02 बजे, मो. 6263158471




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट